# विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्ष : 13 | अंक : 160 | गौतमबुद्धनगर, गुरुवार 09 मई 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रुपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236




**P- 3**
विदेश भेजने के नाम पर 1000 लोगों से ठगी



**P- 4**
अग्निवीर को चार साल मगर नेतावीरों के लिये 80 साल भी कम



**P- 5**
तीन साल के बेटे ने वीडियो कॉल पर पापा से गुडबाय नहीं बोला तो मां



**P- 6**
महान फुटबॉलर माराडोना की गोल्डन बॉल ट्रॉफी की नीलामी, 1986 वर्ल्ड



## हैप्पी मॉर्निंग

पिंटू पढाई में कमजोर था हमेशा दोस्तों के साथ मस्ती करता रहता था मास्टर जी- तुम्हारे अंग्रेजी में इतने कम नंबर क्यों आये? पिंटू- मास्टर जी, आया नहीं थी ना उस दिन मास्टर जी- अरे, क्या तुम पेपर वाले दिन आई ही नहीं थे? पिंटू- नहीं, वो मेरे बगल वाला लड़का नहीं आया था।



## शायरी

वो ज़िस्म का भूखा मोहब्बत
के लिबास में मिला था
पहचानती कैसे उसे चेहरे पर
चेहरा लगा कर मिला था

## अर्थसार



सेंसेक्स:
73,466.39
-45.46 (0.062%)
निफ्टी:
22,302.50
0.00

## मौसम



अधिकतम : 38 डिग्री से0
न्यूनतम : 28 डिग्री से
सूयोदय शुक्रवार : 5 : 40
सूर्यास्त गुरुवार : 7 : 00

# तीन दिन हीटवेव का अलर्ट

## दिल्ली में तापमान 42 डिग्री पहुंचा; छत्तीसगढ़-झारखंड में बारिश, बिहार में बिजली गिरने से दो मौतें



नई दिल्ली। राजस्थान और मध्य प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ रही है। भारतीय मौसम विभाग ने दोनों राज्यों में आज से अगले दो दिन यानी 10 मई तक हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। मंगलवार (7 मई) को राजस्थान के 9 और एमपी के 3 शहरों में तापमान 43 डिग्री या उससे ज्यादा दर्ज किया गया।

राजस्थान का बाड़मेर और एमपी का दामोह देश के सबसे गर्म शहर रहे। यहां का तापमान क्रमश: 45.2 और 44.8 दर्ज किया गया। 10 और 11 मई को वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होने से दोनों राज्यों में आंधी और बारिश की संभावना है। इससे लू से राहत मिलेगी। 12 मई तक हीटवेव से राहत की उम्मीद है।

दिल्ली में मंगलवार को सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। यहां अधिकतम तापमान 42 डिग्री दर्ज किया गया। 11 और 12 मई को हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। उत्तर प्रदेश के पूर्वी जिलों में 13 मई तक गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है।

### तेलंगाना में बारिश के कारण 13 लोगों की मौत

तेलंगाना के कुछ हिस्सों में मंगलवार रात बेमौसम बारिश के बाद अलग-अलग घटनाओं में 13 लोगों की मौत हो गई। हैदराबाद में एक अंडर कंस्ट्रक्शन बिल्डिंग की दीवार गिरने से एक महिला और एक बच्चे सहित सात लोगों की मौत हो गई। दो लोगों के शव नाले मिले। पुलिस के मुताबिक, भारी बारिश के दौरान दोनों गलती से नाले में गिर गए होंगे।

### छत्तीसगढ़, बिहार और झारखंड में बारिश का अलर्ट

दूसरी तरफ, छत्तीसगढ़, बिहार और झारखंड में मौसम ने करवट ली है। तीनों राज्यों में बारिश ने चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी से राहत दिलाई है। छत्तीसगढ़ में आज और कल बारिश के आसार हैं। झारखंड में 10 मई तक बूंदाबांदी होगी।

मौसम विभाग ने बिहार के सभी जिलों में आज खराब मौसम का यलो अलर्ट जारी किया है। कई जिलों में बारिश, गरज और आकाशीय बिजली के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। मंगलवार को बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हुई थी।

# सैम पित्रोदा का ओवरसीज कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा

**पित्रोदा ने एक अखबार के साथ साक्षात्कार में देश विभिन्न भागों के निवासियों की तुलना उनके रंग-रूप के आधार पर विदेशी मूल के लोगों से की थी**



**नयी दिल्ली।** इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने भारतीयों की शक्ल-सूरत की तुलना विदेशी मूल के लोगों करने संबंधी बयान से उपजे विवाद के बीच बुधवार को पद से इस्तीफा दे दिया। पित्रोदा ने एक अखबार के साथ साक्षात्कार में देश विभिन्न भागों के निवासियों की तुलना उनके रंग-रूप के आधार पर विदेशी मूल के लोगों से की थी।

कांग्रेस पार्टी ने एक बयान में कहा कि पित्रोदा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। गौरतलब है कि पित्रोदा साक्षात्कार में उत्तर भारतीयों की चमड़ी की तुलना गोरों से की थी तो पश्चिम भारतीयों की अरब मूल के लोगों से की थी। उन्होंने कहा कि पूर्वोतर के लोग चीनियों से और दक्षिण भारत के लोग शक्ल-सूरत में अफ्रीकी मूल के लोगों से मिलते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने श्री पित्रोदा के बयान को लेकर कांग्रेस पर प्रहार शुरू कर दिया जिससे जबरदस्त राजनीतिक भूचाल पैदा हो गया था। विवाद गहराता देख कांग्रेस ने खुद उनके इस बयान से अलग कर लिया। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक बयान जारी कर कहा, सैम पित्रोदा की ओर से भारत की विविधता को जो उपमाएं दी गई है वह गलत, दुर्भाग्यपूर्ण हैं और अस्वीकार्य है। कांग्रेस इन उपमाओं से खुद को पूर्ण रूप से अलग करती है और इसका खंडन करती है।

देश की राजनीति में मची इस उथल-पुथल के बाद खुद के अकेला पड़ने के बाद पित्रोदा ने ओवरसीज कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया।

कांग्रेस ने बयान जारी कर श्री पित्रोदा के इस्तीफे की जानकारी देते हुए कहा, सैम पित्रोदा ने अपनी मर्ज़ी से इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफ़ा देने का फ़ैसला किया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने उनका इस्तीफ़ा स्वीकार कर लिया है।

# कर्नाटक सेक्स स्कैंडल- एचडी रेवन्ना 14 मई तक रिमांड पर

बेंगलुरु। कर्नाटक सेक्स स्कैंडल की विक्टिम के अपहरण के आरोपी और पूर्व पीम एचडी देवगौड़ा के बेटे एचडी रेवन्ना की पुलिस रिमांड 14 मई तक बढ़ा दी गई है। रेवन्ना को एसआईटी ने 3 मई को विक्टिम के बेटे की शिकायत पर गिरफ्तार किया था। वहीं, कर्नाटक सरकार ने प्रज्वल रेवन्ना की सीबीआई जांच कराने से इनकार कर दिया है। वहीं, मंगलवार शाम रेवन्ना की तबीयत खराब होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बैचेनी की शिकायत की थी। डॉक्टरों ने उनका चेकअप किया और रिपोर्ट्स नॉर्मल आने पर उन्हें एसआईटी अधिकारियों के साथ वापस एसआईटी हेडक्वॉर्टर भेज दिया। इधर, कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने कहा कि कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने प्रज्वल रेवन्ना के आपत्तिजनक वीडियो फैलाए हैं। कुमारस्वामी एचडी रेवन्ना के भाई और प्रज्वल के चाचा हैं।

# कुलगाम मुठभेड़ स्थल पर तीसरा आतंकवादी भी ढेर

## इसी जगह पर एक दिन पहले हुई मुठभेड़ में टीआरएफ के एक शीर्ष कमांडर सहित दो आतंकवादी मारे गए थे

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में बुधवार को हुए ताजा मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने छिपे हुए एक और आतंकवादी को मार गिराया। इसी जगह पर एक दिन पहले हुई मुठभेड़ में टीआरएफ के एक शीर्ष कमांडर सहित दो आतंकवादी मारे गए थे। जम्मू कश्मीर पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, कुलगाम में अभियान बहाल, ताजा गोलीबारी जारी। सुरक्षों बलों की एक संयुक्त टीम ने बुधवार को भी कुलगाम के रेडवानी पाईन इलाके में तलाशी जारी रखी क्योंकि उन्हें घर में तीन आतंकवादियों के छिपे होने की सूचना मिली थी और उनमें से टीआरएफ कमांडर बासित डार सहित दो आतंकवादी मारे गये थे।

उन्होंने बताया कि इलाके में तलाशी अभियान के दौरान छिपे हुए आतंकवादी ने सुरक्षा बलों के दल पर गोलीबारी की। सुरक्षा बलों ने गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया गया।

उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने गोलीबारी होने पर मुठभेड़ स्थल के आसपास घेराबंदी कड़ी कर दी। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक्स पर कहा, कुलगाम में अभियान बहाल, ताजा गोलीबारी शुरू हुई। आपरेशन प्रगति पर है। रेडवानी पाईन में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने इलाके में अभियान शुरू किया था, जिसके बाद सोमवार रात मुठभेड़ शुरू हो गई।

### आतंकियों ने वायुसेना के काफिले पर फायरिंग की थी

जम्मू-कश्मीर के पुंछ में 4 मई को एयरफोर्स जवानों पर हुए आतंकी हमले में पांच जवान घायल हुए थे। इलाज के दौरान एक जवान की मौत हो गई। यह हमला पुंछ के शाहसितार इलाके में हुआ। आतंकियों ने सुरक्षाबलों के दो वाहनों पर भारी फायरिंग की। इसमें से एक वाहन एयरफोर्स का था। दोनों गाड़ियां सनाई टॉप जा रही थीं।

**ट्रिपल मर्डर** | कपड़े उतारकर जलाने लगा शव, पब्लिक ने पीटकर मार डाला

# अलीगढ़ में ट्रिपल मर्डर : युवक ने दो किसानों की हत्या की

अलीगढ़। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले में ट्रिपल मर्डर का मामला सामने आया है। यहां एक युवक ने खेत में काम कर रहे दो किसानों के सिर पर डंडा मारकर हत्या कर दी। इसके बाद दोनों शव को जलाने का प्रयास करने लगा। जैसे ही लोगों को इस बात का पता चला तो उनका गुस्सा फूट पड़ा।

लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। भीड़ ने आरोपी को पीट-पीटकर मौके पर ही मार डाला। बताया जा रहा कि युवक मानसिक रूप से कमजोर था। फिलहाल घटना की जानकारी होने पर क्षेत्रीय पुलिस के साथ एसएसपी संजीव सुमन भी तत्काल मौके पर



पहुंचे और मामले की जांच की। उन्होंने आसपास के लोगों से बातचीत की और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

### हत्या की, फिर नग्न होकर जलाने लगा शव

अलीगढ़ के टप्पल थाना क्षेत्र के गांव नूरपुर में बुधवार को तीन हत्याएं हुई। इसमें मानसिक रूप से कमजोर बताए जाने वाले एक व्यक्ति ने पहले दो किसानों की हत्या कर दी। मानसिक रूप से कमजोर अज्ञात युवक सुबह के समय खेतों में घूम रहा था। इस दौरान उसने खेत मे काम करने वाले किसानों पर हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरोपी ने पहले नूरपुर गांव के लालाराम (50) पर हमला कर दिया और उनके सिर पर डंडा मारा। इसके बाद आरोपी ने अपने सारे कपड़े उतार दिए और लालाराम के शव को जला दिया। इस दौरान आसपास के खेतों में काम करने वाले लोगों ने उसे देख लिया और उसे रोकने की कोशिश की। जब पास के किसान जफर (50) ने उसे रोकने की कोशिश की, तो आरोपी ने जफर के सिर पर भी डंडा मारकर उसे घायल कर दिया। सिर में चोट लगने से जफर गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। आरोपी ने खेतों में काम कर रही महिलाओं पर भी हमला कर दिया। जिसके बाद ग्रामीणों ने उसे पीट-पीटकर मार डाला। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल शवों को कब्जे में लिया और उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और फारेंसिक की टीम भी मौके पर पहुंच गई और उन्होंने फारेंसिक साक्ष्य जुटाए। वहीं दो किसानों की हत्या करने वाले व्यक्ति का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस के अनुसार किसानों पर हमला करने वाला व्यक्ति मानसिक रूप से कमजोर था और इसी कारण उसने ऐसा किया। लेकिन वह कहां का रहने वाला था और उसने ऐसा क्यों किया है, इस बात का पता नहीं चल सका है।

# बेटे ने धारदार हथियार से मां-बाप को काट डाला

बारां। जमीनी विवाद में एक बेटे ने मां-बाप की धारदार हथियार से हत्या कर दी।

इसके बाद खुद ही पुलिस स्टेशन पहुंचकर सरेंडर कर दिया। मर्डर से पहले उसने मां-बाप के साथ जमकर मारपीट भी की थी। मामला बारां शहर के नाकोड़ा कॉलोनी में मंगलवार रात का है।

एसपी राजकुमार चौधरी ने बताया कि बुजुर्ग दंपत्ति प्रेम बिहारी ओर उनकी पत्नी देवकी बाई का मर्डर हुआ। हत्या का आरोप उनके बेटे गजेंद्र गौतम पर है। आरोप है कि मंगलवार रात को गजेंद्र ने पहले माता पिता से मारपीट की फिर हथियार से हमला कर दिया। इसके बाद उसने थाने में आकर सरेंडर किया है। आरोपी पुलिस की कस्टडी में है। उससे पूछताछ जारी है।

### पुश्तैनी जमीन को लेकर झगड़ा

जानकारी के अनुसार मृतक के दो बेटे हैं। इनमें से बड़ा बेटा गजेंद्र है, जिसके साथ ही बुजुर्ग दंपति रहते थे। वहीं, छोटा बेटा भी बारां में ही अलग मकान में रहता है। आरोपी का पिता से पुश्तैनी जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। मंगलवार शाम को भी मां-बाप से आरोपी से झगड़ा हुआ था। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मंगलवार शाम तक आरोपी के पत्नी और बच्चे भी घर में मौजूद थे।

# आरएमएल अस्पताल में वसूली रैकेट : मरीजों से उगाही

## उपकरण बेचकर करते कमाई, दो डॉक्टर समेत नौ लोग गिरफ्तार




नई दिल्ली। दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में चिकित्सा उपकरणों की खरीद में कमीशन लेने से लेकर चौतरफा भ्रष्टाचार की शिकायतें मिलने पर सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने दो वरिष्ठ डॉक्टर सहित नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। सीबीआई को इनके भ्रष्टाचार में संलिप्त होने की शिकायतें मिली थी। इसके बाद सुबूत जुटाने के बाद कार्रवाई की गई। आरएमएल के जिन दो डॉक्टर्स को गिरफ्तार किया गया है, उनमें कार्डियोलॉजी विभाग के डा. पर्वतगौड़ा और डॉ. अजय राज शामिल हैं।

### चिकित्सा उपकरण को करते सप्लाई, मरीजों से भी वसूली

इन पर खुलेआम रिश्वत लेने की सीबीआई को शिकायत मिली थी। ये सभी अस्पताल में जरूरी चिकित्सा उपकरणों की सप्लाई करने वाली कंपनियों के प्रतिनिधियों के जरिये प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से वसूली कर रहे थे। रैकेट में शामिल स्वास्थ्यकर्मी मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराने के लिए भी पैसे वसूल रहे थे। सीबीआई ने सात मई को भ्रष्टाचार समेत आपराधिक साजिश रचने की धाराओं में एफआईआर की थी। एफआईआर में फिलहाल 16 डॉक्टर्स, चिकित्सा उपकरण बेचने वाले डीलरों, अस्पताल के नर्सिंग कर्मचारी व अन्य को आरोपित बनाया गया है। डॉक्टर्स और चिकित्सा उपकरणों से जुड़े डीलर्स के 15 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की गई। सभी नौ आरोपितों को कोर्ट में पेश कर सीबीआई को छह दिन की कस्टडी रिमांड मिल गई है।

सीबीआई सूत्रों के अनुसार, आरएमएल अस्पताल के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर पर्वतगौड़ा को ढाई लाख रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया। रिश्वत का यह पैसा उन्हें यूपीआई के माध्यम से मिला था। इसके अलावा अस्पताल की कैथ लैब में सीनियर टेक्निकल इंचार्ज रजनीश कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है।

### वर्षों से ली जा रही थी रिश्वत

डॉक्टर्स नागपाल टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के मालिक नरेश नागपाल, साइनमेड प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अबरार अहमद, बायोट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड के टेरिटरी सेल्स मैनेजर आकर्षण गुलाटी, बायोट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड की कर्मचारी मोनिका सिन्हा, भारती मेडिकल टेक्नोलॉजी के भरत सिंह दलाल व आरएमएल अस्पताल स्थित कैथ लैब के वरिष्ठ तकनीकी प्रभारी रजनीश कुमार मेडिकल उपकरणों के इस्तेमाल की अनुमति देने के लिए वर्षों से रिश्वत ले रहे थे।

### ये लोग हुए गिरफ्तार

कार्डियोलॉजी विभाग में प्रोफेसर डॉक्टर अजय राज, नर्स शालू शर्मा, अस्पताल के क्लर्क भुवल जैसवाल और संजय कुमार गुप्ता समेत पांच अन्य को भी अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार किया गया, जिनमें चार अलग-अलग इक्यूपमेंट सप्लाई करने वाली कंपनी में काम करते हैं। सीबीआई को कार्डियोलॉजी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. पर्वतगौड़ा और प्रोफेसर डॉक्टर अजय राज के चिकित्सा उपकरण बनाने व सप्लाई करने वाली कंपनियों से रिश्वत लेने की शिकायत मिली थी।




# चुनावी स्तर में गिरावट

चुनावी स्तर में गिरावट एक महत्वपूर्ण मुद्दा है जिसका भारतीय लोकतंत्र पर गहरा असर पड़ता है। भारतीय लोकतंत्र अपनी विविधता, सजीवता और गहराई के लिए विश्व में प्रसिद्ध है, लेकिन हाल के वर्षों में चुनावी प्रक्रियाओं में गिरावट के लक्षण देखे जा सकते हैं।

## चुनावी प्रक्रियाओं में गिरावट के संकेत

धन बल और बाहु बल का प्रयोग : चुनावी स्तर में गिरावट का सबसे स्पष्ट संकेत है धन बल और बाहु बल का प्रयोग। कुछ राजनीतिक दल और उम्मीदवार चुनाव में अपने प्रतिद्वंद्वियों को प्रभावित करने के लिए धन और हिंसा का उपयोग करते हैं। इससे चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर असर पड़ता है।

वोटर फर्जीवाड़ा : चुनावों में वोटर फर्जीवाड़ा की घटनाएं अक्सर सामने आती हैं। इसमें मृत व्यक्तियों के नाम पर वोट डालना, एक ही व्यक्ति द्वारा कई जगहों पर वोट डालना आदि शामिल हैं। इससे चुनावी परिणाम की विश्वसनीयता कम होती है।

भ्रष्टाचार : भ्रष्टाचार चुनावी प्रक्रियाओं में व्यापक हो गया है। उम्मीदवार और राजनीतिक दल भ्रष्ट तरीकों से चुनाव जीतने के लिए प्रयास करते हैं, जैसे कि वोट खरीदना या सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग करना।

मीडिया का दुरुपयोग : मीडिया का एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है चुनावों को निष्पक्षता और पारदर्शिता से पेश करने में। लेकिन कई बार मीडिया का दुरुपयोग होता है, जिसमें उम्मीदवारों या दलों की छवि को प्रभावित करने के लिए झूठी खबरें या प्रचार सामग्री का प्रसारण किया जाता है।

जातिवाद और सांप्रदायिकता : भारतीय चुनावों में जातिवाद और सांप्रदायिकता की भूमिका बहुत बड़ी है। उम्मीदवार अक्सर जाति या धार्मिक आधार पर वोटों की मांग करते हैं, जिससे चुनावी स्तर में गिरावट आती है।

## चुनावी स्तर में गिरावट के कारण

राजनीतिक शिक्षण की कमी : नागरिकों को राजनीतिक शिक्षा की कमी हो सकती है, जिससे वे चुनावी प्रक्रियाओं को सही तरीके से समझ नहीं पाते। इससे वे उम्मीदवारों और दलों की वास्तविक स्थिति को नहीं पहचान पाते हैं।

राजनीतिक स्वार्थ : राजनीतिक दल और उम्मीदवार अपने स्वार्थों के कारण चुनावी प्रक्रियाओं को प्रभावित करने के लिए अनुचित तरीकों का उपयोग करते हैं।

कानूनी ढांचे की कमजोरी : चुनावी प्रक्रियाओं को नियंत्रित करने वाले कानूनी ढांचे में कमजोरियां हो सकती हैं, जिससे अनियमितताओं को रोकना मुश्किल होता है।

अपराधीकरण : राजनीति में अपराधियों की बढ़ती भागीदारी चुनावी प्रक्रियाओं में गिरावट का एक मुख्य कारण है। यह प्रक्रिया कानूनों के पालन में कमी का संकेत है।

चुनावी स्तर में गिरावट भारतीय लोकतंत्र के लिए एक गंभीर चुनौती है। इससे न केवल चुनावी प्रक्रियाओं की विश्वसनीयता और निष्पक्षता पर असर पड़ता है, बल्कि देश की राजनीतिक व्यवस्था की स्थिरता पर भी सवाल उठते हैं। इसलिए, इस समस्या को हल करने के लिए सरकार, नागरिक समाज, मीडिया, और न्यायपालिका को एक साथ मिलकर काम करना चाहिए।

जन जागरूकता बढ़ाकर, चुनावी सुधार लागू करके, और राजनीतिक दलों के भीतर अनुशासन को बढ़ावा देकर, हम चुनावी स्तर में गिरावट को रोक सकते हैं और भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बना सकते हैं।

जन जागरूकता बढ़ाकर, चुनावी सुधार लागू करके, और राजनीतिक दलों के भीतर अनुशासन को बढ़ावा देकर, हम चुनावी स्तर में गिरावट को रोक सकते हैं और भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बना सकते हैं।

# पीर पराई चुनावी मुद्दा क्यों नहीं बनता ?



- ललित गर्ग -

लोकसभा चुनाव का तीसरा चरण पुरा हो गया है, जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहे हैं राजनेताओं एवं उम्मीदवारों के दागदार चरित्र की परते खुलती जा रही है। एक समय था कि जब लोग देश के नेताओं के सार्वजनिक जीवन में आचरण का अनुसरण करते थे। नेताओं को भी समाज में अपनी छवि व प्रतिष्ठा की फिक्र रहती थी। लेकिन हाल के वर्षों में राजनीति में कई क्षत्रप परिवारों के ऐसे नेता भी सामने आए हैं जिन्होंने सत्तामद में चूर होकर तमाम नैतिकताओं व मर्यादाओं को ताक पर रखा। पिछले दिनों कर्नाटक में हासन सीट से जनता दल (सेक्यूलर) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर सैकड़ों महिलाओं के साथ दुराचार के जो गंभीर आरोप लगे, उसने राजनीति में पतन की पराकाष्ठा को दर्शाया है। वही रांची में एक पुराने मामले की जांच कर रही ईडी को रेड में झारखंड सरकार में मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव के घर पर काम करने नौकर के यहां से 39 करोड कैश बरामद हुआ है। यौन उत्पीड़न, दुराचार, भ्रष्टाचार एवं देशद्रोह पर सवार नेताओं एवं दागदार उम्मीदवारों से जुड़ा यह चुनाव लोकतंत्र पर एक गंभीर प्रश्न है। हमारी राजनीति एक त्रासदी बनती जा रही है। राजनेता सत्ता के लिये सब कुछ करने लगा और इसी होड़ में राजनीति के आदर्श ही भूल गया, यही कारण है देश की फिजाओं में विषमताओं और विसंगतियों का जहर घुला हुआ है और कहीं से रोशनी की उम्मीद दिखाई नहीं देती। डर लगता है राजनीतिक भ्रष्टाचारियों से, अपराध को मंडित करने वालों से, सत्ता का दुरुपयोग करने वालों से, देश की एकता एवं अखण्डता को दांव पर लगाने वालों से एवं यौन उत्पीड़न व दुराचार से नारी अस्मिता को नौंचने वालों से।

देश दुख, दर्द और संवेदनहीनता के जटिल दौर से रूबरू है, समस्याएं नये-नये मुखौटे ओढ़कर डराती है, भयभीत करती है। समाज में बहुत कुछ बदला है, मूल्य, विचार, जीवन-शैली, वास्तुशिल्प सब में परिवर्तन है। चुनाव प्रक्रिया बहुत खर्चीली होती जा रही है। ईमानदार होना आज अवगुण है। अपराध के खिलाफ कदम उठाना पाप हो गया है। धर्म और अध्यात्म में रुचि लेना साम्प्रदायिक माना जाने लगा है। किसी अनियमितता का पर्दाफाश करना पूर्वाग्रह माना जाता है। सत्य बोलना अहम् पालने की श्रेणी में आता है। साफगोही अव्यावहारिक है। भ्रष्टाचार को प्रश्रय नहीं देना समय को नहीं पहचानना है। चुनाव के परिप्रेक्ष्य में इन और ऐसे बुनियादी सवालों पर चर्चा होना जरूरी है। आखिर कब तक राजनीतिक स्वार्थों के नाम पर नयी गढ़ी जा रही ये परिभाषाएं समाज और राष्ट्र को वीभत्स दिशाओं में धकेलती रहेगी ? विकासवाद की तेज आंधी के नाम पर हमारा देश, हमारा समाज कब तक भुलावे में रहेगा ? चुनाव के इस महायज्ञ में सुधार की, नैतिकता की, मूल्यों की, सिद्धान्तों की बात कहीं सुनाई नहीं दे रही है ? दूर-दूर तक कहीं रोशनी नहीं दिख रही है। बड़ी अंधेरी और घनेरी रात है। न आत्मबल है, न नैतिक बल।

महान एवं सशक्त भारत के निर्माण के लिए आयोज्य यह चुनावरूपी महायज्ञ आज 'महाभारत' बनता जा रहा है, मूल्यों और मानकों की स्थापना का यह उपक्रम किस तरह लोकतंत्र को खोखला करने का माध्यम बनता जा रहा है, यह गहन चिन्ता और चिन्तन का विषय है। विशेषत: चारित्रिक अवमूल्यन, आर्थिक विसंगतियों एवं विषमताओं को प्रश्रय देने का चुनावों में नंगा नाच होने लगा है और हर दल इसमें अपनी शक्ति का बढ़-चढ़कर प्रदर्शन कर रहे हैं। बात केवल चुनावी चंदे ही नहीं बल्कि विदेशों से मिलने वाले चंदों की भी है। आज सवाल बहुत बड़ा है और वह है भारत की राजनीति को प्रत्यक्ष विदेशी प्रभाव से बचाना। आम आदमी पार्टी पर जिन कथित भारत-विरोधी विदेशी ताकतों से भारी राशि लेने के आरोप लगे हैं, वह हमारी समूची चुनाव प्रणाली के लिए चुनौती है।



क्या कभी सत्तापक्ष या विपक्ष से जुड़े लोगों ने या नये उभरने वाले राजनीतिक दावेदारों ने, और आदर्श की बातें करने वाले लोगों ने, अपनी करनी से ऐसा कोई अहसास दिया है कि उन्हें सीमित निहित स्वार्थों से ऊपर उठा हुआ राजनेता समझा जाए ? यहां नेताओं के नाम उतने महत्वपूर्ण नहीं हैं न ही राजनीतिक दल महत्वपूर्ण है, महत्वपूर्ण है यह तथ्य कि इस तरह का कूपमण्डूकी नेतृत्व कुल मिलाकर देश की राजनीति को छिछला ही बना सकता है। सकारात्मक राजनीति के लिए जिस तरह की नैतिक निष्ठा की आवश्यकता होती है, और इसके लिए राजनेताओं में जिस तरह की परिपक्वता की अपेक्षा होती है, उसका समूचे विपक्षी दलों में अभाव एक पीड़ादायक स्थिति का ही निर्माण कर रहा है। और हम हैं कि ऐसे नेताओं के निर्माण में लगे हैं!

चुनावों से लोकतांत्रिक प्रक्रिया की शुरूआत मानी जाती है, पर आज चुनाव लोकतंत्र का मखौल बन चुके हैं। चुनावों में वे तरीके अपनाएं जाते हैं जो लोकतंत्र के मूलभूत आदर्शों के प्रतिकूल पड़ते हैं। इन स्थितियों से गुरजते हुए, विश्व का अव्वल दर्जे का कहलाने वाला भारतीय लोकतंत्र आज अराजकता के चौराहे पर है। जहां से जाने वाला कोई भी रास्ता निष्कंटक नहीं दिखाई देता। इसे चौराहे पर खड़े करने का दोष जितना जनता का है उससे कई गुना अधिक राजनैतिक दलों व नेताओं का है जिन्होंने निजी व दलों के स्वार्थों की पूर्ति को माध्यम बनाकर इसे बहुत कमजोर कर दिया है। आज ये दल, ये लोग इसे दलदल से निकालने की क्षमता खो बैठे हैं। महाभारत की लड़ाई में सिर्फ कौरव-पांडव ही प्रभावित नहीं हुए थे। उस युद्ध की चिंगारियां दूर-दूर तक पहुंची थीं। साफ दिख रहा है कि इस महाभारत में भी कथित अराजक राजनीतिक एवं आर्थिक ताकतें अपना असर दिखाने की कोशिश कर रही है, जिसके दूरगामी परिणाम होंगे। इन स्थितियों में अब ऐसी कोशिश जरूरी है जिसमें 'महान भारत' के नाम पर 'महाभारत' की नई कथा लिखने वालों के मंतव्यों और मनसूबों को पहचाना जाए। अर्जुन की एकाग्रता वाले नेता चाहिए भारत को, जरूरी होने पर गलत आचरण के लिए सर्वोच्च नेतृत्व पर वार करना भी गलत नहीं है।

यह सही है कि आज देश में ऐसे दलों की भी कमी नहीं है, जो नीति नहीं, व्यक्ति की महत्वाकांक्षा के आधार पर बने हैं, लेकिन नीतियों की बात ऐसे दल भी करते हैं। जनतांत्रिक व्यवस्था के लिए कथनी और करनी की असमानता चिंता का विषय होना चाहिए। हालांकि आजादी के अमृतकाल तक पहुंचने में हमारे राजनीतिक दलों ने नीतियों-आदर्शों के ऐसे उदाहरण प्रस्तुत नहीं किए हैं, जो जनतांत्रिक व्यवस्था के मजबूत और स्वस्थ होने का संकेत देते हों, फिर भी यह अपेक्षा तो हमेशा रही है कि नीतियां और नैतिकता कहीं-न-कहीं हमारी राजनीति की दिशा तय करने में कोई भूमिका निभाएंगी।

भले ही यह खुशफहमी थी, पर थी। अब तो ऐसी खुशफहमी पालने का मौका भी नहीं दिख रहा। लेकिन यह सवाल पूछने का मौका आज है कि नीतियां हमारी राजनीति का आधार कब बनेंगी ? सवाल यह भी पूछा जाना जरूरी है कि अवसरवादिता को राजनीति में अपराध कब माना जाएगा ? यह अपने आप में एक विडम्बना ही है कि सिद्धांतों और नीतियों पर आधारित राजनीति की बात करना आज एक अजूबा लगता है। यह सही है कि व्यक्ति के विचार कभी बदल भी सकते हैं, पर रोज कपड़ों की तरह विचार बदलने को किस आधार पर सही कहा जा सकता है ? सच तो यह है कि आज हमारी राजनीति में सही और गलत की परिभाषा ही बदल गई है- वह सब सही हो जाता है जिससे राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति होती हो और वह सब गलत हो जाता है जो आम आदमी के हितों से जुड़ा होता है, यह कैसा लोकतंत्र बन रहा है, जिसमें 'लोक' ही लुप्त होता जा रहा है ?

नरसी मेहता रचित भजन ''वैष्णव जन तो तेने कहिए, जे पीर पराई जाने रे'' गांधीजी के जीवन का सूत्र बन गया था, लेकिन यह आज के नेताओं का जीवनसूत्र क्यों नहीं बनता ? क्यों नहीं आज के राजनेता पराये दर्द को, पराये दु:ख को अपना मानते ? क्यों नहीं जन-जन की वेदना और संवेदनाओं से अपने तार जोड़ते ? कोई भी व्यक्ति, प्रसंग, अवसर अगर राष्ट्र को एक दिन के लिए ही आशावान बना देते हैं तो वह महत्वपूर्ण होते हैं। पर यहां एक दिन की अजागरूकता पांच साल यानी अठारह सौ पचीस दिनों को अंधेरों के हवाले करने की तैयारी होती है। यह कैसी जिम्मेदारी निभा रहे हैं हम वोटर होकर और कैसा राजनीतिक नेतृत्व निर्मित हो रहा है ?

# टाईम पास

# आतंकियों की सक्रियता, सरकार के दावे पर सवाल

**चिंता की बात यह भी है कि आतंकी उन इलाकों में भी सक्रिय देखे जा रहे हैं, जहां वर्षों से लगभग शांति थी। पीर-पंजाल के इलाके में फिर से आतंकियों का सक्रिय हो जाना पाकिस्तान की तरफ से मिल रही गंभीर चुनौती की तरह है।**

घाटी में दहशतगर्दी पर काफी हद तक काबू पा लेने के सरकारी दावे के बरक्स हकीकत यह है कि पिछले कुछ सालों में वहां आतंकी हमले बढ़े हैं। पुंछ के शाहसितार इलाके में वायुसेना के वाहन पर हुआ हमला इसकी ताजा कड़ी है। शनिवार को घात लगा कर आतंकियों ने हमला किया था, जिसमें पांच सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गए।

बाद में उनमें से एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। आतंकियों की तलाश जारी है। हेलिकाप्टर से भी उनकी टोह ली जा रही है। बताया जा रहा है कि ये आतंकी पाकिस्तान से आए थे। उनमें से दो आतंकियों के रेखाचित्र जारी कर उनके बारे में जानकारी देने वाले को बीस लाख रुपए इनाम की घोषणा भी कर दी गई है।

सरकार लगातार कहती आ रही है कि घाटी में आतंकवादियों की गतिविधियों को समेट दिया गया है। अब वे एक सीमित क्षेत्र में सक्रिय रह गए हैं। उन्हें भी जल्दी खत्म कर दिया जाएगा। मगर हैरानी की बात है कि सरकार के इस दावे को धता बताते हुए आतंकी लगातार कभी लक्षित हिंसा करके ध्यान भटकाने, तो कभी सेना के काफिले पर घात लगा कर हमला करने में कैसे कामयाब हो जा रहे हैं।

चिंता की बात यह भी है कि आतंकी उन इलाकों में भी सक्रिय देखे जा रहे हैं, जहां वर्षों से लगभग शांति थी। पीर-पंजाल के इलाके में फिर से आतंकियों का सक्रिय हो जाना पाकिस्तान की तरफ से मिल रही गंभीर चुनौती की तरह है। ताजा हमला उसी इलाके में हुआ है।

वह पाकिस्तान से सटा घने जंगलों और चट्टानों वाला दुर्गम इलाका है। भारतीय सेना ने बहुत पहले उस इलाके में पाकिस्तान पोषित आतंकी गतिविधियों पर विराम लगा दिया था। यह पिछले एक पखवाड़े में तीसरी आतंकी घटना है। इसके पहले आतंकियों ने दो स्थानीय नागरिकों की गोली मार कर हत्या कर दी थी।


इसके पहले सेना और पुलिस ने कुछ तलाशी अभियानों में आतंकवादियों को मार गिराया था। ये हमले उन्हीं की प्रतिक्रिया में किए गए लगते हैं। मगर इन घटनाओं से यह भी जाहिर है कि सेना और सुरक्षाबलों को दहशतगर्दों की रणनीति समझने में चूक हो रही है। वे समय-समय पर अपनी रणनीति बदलते रहते हैं।

कई बार वे लक्षित हिंसा का सहारा केवल इसलिए लेते हैं कि ध्यान भटकाया जा सके। फिर वे घात लगा कर सेना के काफिले पर हमला इस मकसद से करते हैं कि अधिक से अधिक नुकसान पहुंचा सके। बार-बार हो रहे ऐसे हमले गंभीर चिंता का विषय हैं।

जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त करने और सेना की तैनाती बढ़ाने के बाद दावे किए गए थे कि जल्दी ही घाटी से दहशतगर्दी को नेस्तनाबूद कर दिया जाएगा।


अब जब आतंकवादियों को मिलने वाले वित्तीय, स्थानीय और हर तरह के सहयोग पर अंकुश लगाया जा चुका है, पहले की तुलना में खुफिया तंत्र अधिक सक्रिय है, तब भी अगर आतंकवादी न केवल सुरक्षाबलों को चकमा देने में कामयाब हो जा रहे हैं, बल्कि उनकी सक्रियता लगातार बनी हुई है, तो इस विषय में नए सिरे से विचार करने की जरूरत है।

## काकुरो पहेली - 3176




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

काकुरो - 3175 का हल



## हंसी के फूव्वारें

राज (हरीश से ), ''सुनाओ दोस्त क्या हाल है?''

हरीश, ''बहुत बुरा हाल है. सब साथ छोड़ गए है एक बीवी थी वह भी कटी पतंग की तरह आसमान में कहीं उड़ती फिरती है, तुम अपना हाल सुनाओ.''

राज, ''मैं तो बड़े मजे में हूं. आजकल कटी पतंगें लूटना ही मेरा काम है, आराम से गुजर रही है.''

□ □ □

एक मशहूर क्रिकेटर का विवाह हुआ. विवाह के कुछ दिन उपरांत वह अपनी ससुराल गया तो उलकी साली शोखी से बोली, ''जीजा जी, दीदी कैसी लगी?''

क्रिकेटर बड़ी गंभीर आवाज में बोला, ''मीडियम फास्ट.''


□ □ □

विजय लक्ष्मी (शारदा से), ''मेरी बेटी का संगीत अभ्यास मेरे लिए बहुत भाग्यशाली साबित हुआ?'' शारदा, ''वह कैसे.''

विजय लक्ष्मी, ''मेरा पड़ोसी इसी कारण अपना मकान आधे दामों पर बेच गया और मैंने खरीद लिया.''

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3176



**बायें से दायें:-**

१. धर्मेन्द्र, राखी की 'पल पल दिल के पास' गीत वाली फिल्म-२,२
४. 'इमली का बूटा' गीत वाली दिलीपकुमार, राजकुमार, विवेक मुशरान, मनीषा की फिल्म-४
६. अक्षय, सैफ, रवीना, सोनाली की 'नहीं कही थी बात' गीत वाली फिल्म-३
७. 'आईने के सौ टुकड़े' गीत वाली जीतेंद्र, जयाप्रदा की फिल्म-१
९. लकी अली, गौरी कार्णिक की 'खोया है तूने जो' गीत वाली फिल्म-२
१०. राकेश रोशन, योगिता बाली की 'लो मेरा प्यार लेलो' गीत वाली फिल्म-४
१३. 'तुम्ही रहनुमा हो' गीत वाली अनिल धवन, राधा सलूजा की फिल्म-३
१५. सुनीलदत्त, मीनाकुमारी की 'रंग और नूर की' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'ए बी सी डी छोड़ो' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेंमा मालिनी की फिल्म-२,२
२१. राजेंद्रकुमार, वैजयंतीमाला की 'हमसे तो अच्छी तेरी' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'कोई देख रहा रहा' गीत वाली सनी देओल, सुष्मिता सेन की फिल्म-२
२४. सुनील शेट्टी, सोमी अली की 'आ जा जाने जां' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'मैं तेरा मजनूं' गीत वाली गोविंदा, सोनाली, शिल्पा शेट्टी की फिल्म-२
२७. शाहरूख, चंद्रचूड़, ऐश्वर्या की 'मेरे खयालों की' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'अपने दिल में जगह' गीत वाली अनिल धवन, नीतूसिंह की फिल्म-३
२९. फरदीनखान, करीना कपूर की 'तेरे बिना तेरे बिना' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'मेरे ख्वाबों का' गीत वाली अजय देवगन, अभिषेक, बिपाशा की फिल्म-३
३२. अनिलकपूर, श्रीदेवी, रवीना की 'मैं राजू दीवाना' गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

२. सनी देओल, सुनील, शिल्पा की 'कोई परी आती नही' गीत वाली फिल्म-२
३. 'ओ नचलै नचलै' गीत वाली सनी, सोहेल, सुनील, जॉन की फिल्म-३
४. राजेश खन्ना, टीना, पद्मिनी की फिल्म-३
५. 'मैं निकला गड्डी लेके' गीत वाली फिल्म-३
८. संजयदत्त, गोविंदा, दिव्या, ममता की 'दिल तो खोया है' गीत वाली फिल्म-४
९. 'गोरे गोरे मुखड़े पे' गीत वाली अजय, अक्षय, करिश्मा, नगमा की फिल्म-३
११. शशिकपूर, शबाना आजमी की फिल्म-३
१२. 'हाथी मेरे साथी' की नायिका ?-३
१४. 'तुमको कितना है' गीत वाली सनी, सुनील, सेलिना जेटली की फिल्म-२
१६ संजयकपूर, शिल्पा शेट्टी की 'टक टका टक' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'चांदनी रातें प्यार की बातें गीत वाली देवआनंद, गीताबाली की फिल्म-२
१९. शशिकपूर, जीतेंद्र, रेखा की 'प्यार करना नहीं आया' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'यशोदा का नंदलाला' गीत वाली जयाप्रदा, जीतेंद्र, विनोद की फिल्म-३
२२. 'एक बेचारा प्यार का मारा' गीत वाली फिल्म-३
२४. 'जो बीच बजरिया' गीत वाली अब्बास, शर्बाणी मुखर्जी की फिल्म-२
२५. विश्वजीत, वहीदा रहमान की फिल्म-३
२६. 'आज पुरानी राहों से' गीत वाली फिल्म-३
२७. देवआनंद, हेमा मालिनी की फिल्म-३
३०. 'आज सरे महफिल' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3175



## सूडोकु -3176

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3175 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

## शब्द पहेली - 3176



**बाएँ से दाएँ**

1.असह्य,नागवार-5
4.कली-3
6.पराया,पंख-2
7.समुद्र-3
8.पिता की बहन-2
10.चौकसी,सुरक्षा-3
11.कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14.छल,धोखा-3
16.पक्षी,उड़ने वाला-4
17.उम्मीद-2
18.दौरा,पहरेदारी-2
19.धारण करना-4
21.आफत,मुसीबत-3
22.विदिर्ण-2,2
24.प्रकाशित-3
25.बल,जान-2
27.रसदार-3
28.जगत,दुनिया-2
29.नग,मूल्यवान पत्थर-3
30.तृप्त होना-5

**ऊपर से नीचे**

1.जबरन उठा ले जाना-5
2.महोदय (अंग्रेजी-2)
3.नीलिमा-4
4.कुंती पुत्र,राधेय-3
5.वश,अधीन-2
7.संपूर्ण,पूर्ण-2
9.शिकार-3
12.असली,शुद्ध-3
13.हठ करना,रोना -4
15.हारा हुआ,पराजित-3
16.मशवरा,सलाह-4
17.विश्राम-3
18.अभिमान-3
20.भयभीत होना-2,3
21.संभवतः-3
22.टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23.तरना,स्वीमिंग-3
24.इसे मकड़ी बुनती है-2
26.जी,चित-2
28.संपत्ति-2

शब्द पहेली -3175 का हल



# विदेश भेजने के नाम पर 1000 लोगों से ठगी

## नोएडा में कॉल सेंटर की आड़ में चलाते थे फर्जी कंपनी, 11 आरोपी गिरफ्तार



नोएडा। नोएडा में विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर मोटी रकम ठगने वाले एक संगठित गैंग के 11 ठगों को थाना सेक्टर-126 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसमें एक महिला भी शामिल है। ये लोग नोएडा के सेक्टर-132 में RBTECH TRADE CENTER में ECO ENTERPRISES नाम से कंपनी ऑपरेट कर रहे थे। इनके पास से कंप्यूटर, लैपटॉप, प्रिंटर, वाईफाई राउटर, नगदी, भारत सरकार के मंत्रालयों के फर्जी दस्तावेज, 140 से ज्यादा पासपोर्ट बरामद किए गए। ये लोग अब तक 1000 से ज्यादा लोगों से ठगी कर चुके हैं। एनसीआर में ये करीब 4 साल से सक्रिय थे।

डीसीपी विद्या सागर मिश्र ने बताया कि इन लोगों ने आपस में मिलकर एक संगठित गिरोह बनाया। इनका मकसद जल्द से जल्द अमीर बनने का था। इसलिए इन लोगों ने एक फर्जी कॉल सेंटर खोला। इस कॉल सेंटर को ECO ENTERPRISES कंपनी का नाम दिया। कंपनी का प्रचार ऑनलाइन प्लेटफार्म फेसबुक, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम आदि के जरिए किया। इस प्रचार पर विश्वास कर आम नागरिक कंपनी द्वारा दिये गये हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर जानकारी करते हैं।

जिस पर ये लोगों को अपने जाल में फंसाकर विदेश भेजने और वहां अच्छी नौकरी दिलवाने के नाम पर हवाई यात्रा का खर्चा, वीजा का खर्चा व नौकरी दिलवाने का कमीशन के नाम पर उनसे पैसे ले लेते है। दस्तावेज के नाम पर उनके मूल पासपोर्ट, अन्य दस्तावेज व फोटो आदि ले लेते है। अभियुक्तों द्वारा फर्जी अपॉइंटमेंट लेटर तैयार करके असली बताकर उन्हें दे देते है। ये लोग व्यक्ति से करीब 80 हजार रुपए तक वसूल करते थे।

इनकी पहचान समीर शाह, नन्द किशोर, मुश्ताक खान, मोहम्मद अली अख्तर, मोहम्मद एजाज अहमद, इंद्रजीत दास, मोहम्मद नाजिम, मोहम्मद एजाज, एजाज अहमद, किशोर प्रसाद और एक महिला ठग नजराना पत्नी जियर खान हुई है। इनको कॉल सेंटर से ही गिरफ्तार किया गया।

### पैसे मिलने के बाद एक स्थान पर सभी को बुलाते थे

पैसे मिल जाने के बाद ये लोग विदेश जाने वाले सभी लोगों को एक ही दिन और एक स्थान पर बुलाते थे। इन सभी फोन पर बताया जाता था कि एजेंट एयरपोर्ट पर आपके पासपोर्ट, वीजा, टिकट और जिस देश में जा रहें है उस देश की करेंसी के साथ मिलेगा। जब लोग विदेश में नौकरी की चाह लेकर एयरपोर्ट पहुंचते हैं। तब कंपनी का कोई भी आदमी नहीं मिलता। इस पर जब लोग इनके दिए दिए मोबाइल नंबर और ऑफिस में संपर्क करने की कोशिश करते हैं। मोबाइल व आफिस बंद मिलते हैं।

### नाम और पहचान छिपाकर बेरोजगार लोगों से मिलते फिर फंसाते

डीसीपी ने बताया कि ये लोग संगठित रुप से जगह-जगह घूम-घूमकर अपनी कंपनी का नाम बताकर विदेश में नौकरी दिलवाने के नाम पर सीधे लोगों से पैसे की ठगी कर लेते हैं। इस तरह के काम से जो भी पैसा इकट्ठा करते हैं, उसे आपस में बांट लेते है। पकड़े न जाए इसके लिए ये अपना नाम बदलकर लोगों के सामने आते हैं। जैसे समीर अपना फर्जी नाम एस. खन्ना, नन्द किशोर प्रसाद अपना फर्जी नाम अमित, मुश्ताक खान अपना फर्जी नाम जेम्स बताकर लोगों के बीच आते थे। यही नहीं अपनी सही फोटो के साथ फर्जी नाम, पता और फर्जी नंबर के आधार कार्ड तैयार कर आवश्यकता अनुसार लोगों के सामने असली लोगों को पेश करते हैं। ताकि उन लोगों का विश्वास जीतकर उन्हें आसानी से ठगा जा सके। इनके पास से 755 फर्जी नियुक्ति पत्र मिले। जिससे साफ है कि ये लोग हजारों लोगों को ठगी का शिकार बना चुके हैं।

# गोल्फ एवेन्यू सोसाइटी के सामने 55 अवैध दुकानें ध्वस्त



नोएडा। नोएडा के सेक्टर-75 स्थित गोल्फ एवेन्यू-2 सोसाइटी के सामने बने अवैध बाजार को प्राधिकरण ने ध्वस्त कर दिया। यहां करीब 55 दुकानों को तोड़ा गया। ये सभी दुकानें अवैध रूप से थी। जिन्होंने टीन शेड लगाकर यहां अवैध अतिक्रमण किया था। इसके अलावा सोसाइटी में मौजूद जिन दुकानदारों ने आगे तक शेड लगाकर कॉमन एरिया में अतिक्रमण किया था, उन दुकानों को भी ध्वस्त किया गया।

दरअसल मंगलवार को इसी अवैध मार्केट की एक दुकान में आग लग गई थी। जिसमें सिलेंडर भी फटे थे। इसके बाद सोसाइटी वासियों ने नोएडा प्राधिकरण से शिकायत की थी। ये बाजार पूरी तरह से अवैध हैं। बिल्डर की मिलीभगत से इसे लगवाया जा रहा है।

प्राधिकरण ने मामले को संज्ञान में लिया और अवैध बाजार हटाने के लिए लिखित में निर्देश जारी किए। निर्देश मिलते ही प्राधिकरण के सर्किल-6 के वरिष्ठ प्रबंधक और उनकी टीम बुधवार दोपहर करीब 11 बजे सेक्टर-75 गोल्फ एवेन्यू सोसाइटी पहुंची। यहां चार बुलडोजर की मदद से सभी 55 दुकानों को हटाया गया। इनके शेड तोड़े गए। बतौर दुकानदारों ने यहां पक्के काउंटर तक बनाए थे। जिनको बुलडोजर की मदद से हटाया। इस दौरान कुछ लोगों ने हल्का विरोध किया। लेकिन स्थानीय पुलिस की मदद से उनको समझाकर शांत कराया गया।

करीब 30 मिनट तक बुलडोजर ने यहां अवैध दुकानों को हटाया। इसके बाद प्राधिकरण अधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि दोबारा यहां निर्माण या दुकानों का संचालन किया जाएगा तो संचालनकर्ता के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। साथ ही संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

इसके बाद प्राधिकरण ने सेक्टर-78 स्थित ग्रीन बेल्ट में बने अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। खबर लिखे जाने तक प्राधिकरण की अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की प्रक्रिया चल रही है।

# शार्ट न्यूज

## जून में होंगे बिग क्रिकेट लीग टी-20 मुकाबले

नोएडा। अगले महीने शुरू होने वाली बिग क्रिकेट लीग (बीसीएल) की बुधवार को औपचारिक घोषणा की गई। इस सत्र में छह टीमे हिस्सा लेंगी। जिसमें इस बार 30 पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी, 18 पूर्व प्रथम श्रेणी खिलाड़ी और 60 भारतीय क्रिकेटर होंगे। टीमों के बीच 18 लाइव टी-20 मुकाबले खेले जाएंगे। इसकी शुरुआत लखनऊ में होगी। खास ये है इस बार भारत समेत 30 से अधिक देशों में टीवी और ओटीटी प्लेटफॉर्म पर इसका लाइव प्रसारण किया जाएगा। बीसीएल के संस्थापक और अध्यक्ष पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रुद्र प्रताप सिंह ने कहा कि हमने बहुत से प्रतिभाशाली क्रिकेटरों को देखा जिनके सपने कई वजह और हालात के कारण पूरे नहीं हो पाते हैं। बीसीएल इन सभी महत्वाकांक्षी लोकल क्रिकेटरों को अपनी प्रतिभा दिखाने और अपने हीरोज के साथ क्रिकेट खेलने का अभूतपूर्व अनुभव देगा। उ ?द्घाटन सत्र में छह टीम अवध लायंस, मुंबई मरीन्स, राजस्थान किंग्स, सदर्न स्पार्टन्स, बंगाल सानोस और नॉर्दर्न चैलेंजर्स आमने-सामने होंगी। पूर्व भारतीय कप्तान दिलीप वेंगसरकर ने कहा, यह सिर्फ एक क्रिकेट लीग नहीं बल्कि देश की उन तमाम प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अवसर देने के बारे में जिन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के मौके नहीं मिले।

## संविदाकर्मी की करंट लगने से मौत

नोएडा। सेक्टर-49 हिंडन विहार में बिजली लाइन के फॉल्ट को दुरुस्त के दौरान संविदा कर्मचारी को करंट लग गया। करंट लगते ही संविदाकर्मी मूलरूप से हमिरपुर निवासी संतोष कुमार बेहोश हो गए। उन्हें सेक्टर-110 स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हिंडन विहार में सेक्टर-47 बिजली उपकेंद्र की सप्लाई लाइन के फॉल्ट को दुरुस्त करने के लिए संविदा कर्मचारी संतोष कुमार, विनित कुमार और तालिब खान गए थे। तीनों 11 हजार केवी की लाइन के फ्यूज को हटाकर एलटी लाइन के फॉल्ट को दुरुस्त कर रहे थे। विद्युत निगम के अधिशासी अभियंता निशांत नवीन ने बताया कि एलटी लाइन पर विनित और तालिब काम कर रहे थे। इस दौरान ट्रांसफार्मर के पास संतोष कुमार सफाई करने पहुंचे। करंट लगते ही संतोष बेहोश हो गए। तेज धमाके जैसी आवाज सुनकर अन्य कर्मचारी भी मौके पर आ गए। तुरंत अस्पताल में संतोष को भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। संतोष की मौत के बाद संविदा कर्मचारियों ने एजेंसी ग्लोबल टचक कंपनी के खिलाफ रोष जताया है। कर्मियों ने कहा कि हादसे के बाद भी एजेंसी का कोई अधिकारी या प्रतिनिधि मौके पर नहीं आया।

## विवाहिता की हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

गाजियाबाद। गाजियाबाद पुलिस ने 18 वर्ष की विवाहित युवती की हत्या करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। हत्या मंगलवार देर रात हुई थी। आरोपी मृतका की मां का पूर्व प्रेमी है। आरोपी के नोएडा से जेल जाने के बाद मृतका की मां के संबंध किसी और से हो गए थे। इसी को लेकर गुस्से में आरोपी ने चाकू चलाया था जिसमें युवती की मौत हो गई थी और उसका पति घायल है। गाजियाबाद के थाना इंदिरापुरम क्षेत्र के मकनपुर इलाके में मंगलवार देर रात ज्योति नाम की 18 वर्षीय युवती की चाकू लगने से मौत हो गई थी। वहीं युवती का पति ललतेश घायल हुआ था। हत्या करने वाले बुलंदशहर निवासी बॉबी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बॉबी भी फिलहाल थाना इंदिरापुरम के मकनपुर में ही रह रहा था। पुलिस पूछताछ में पता चला है की ज्योति की मां चंपा देवी के बॉबी से पूर्व में संबंध थे। आर्म्स एक्ट, धोखाधड़ी और मारपीट के मामले में नोएडा से जेल जाने के बाद चंपा के संबंध अजय से हो गए थे। बॉबी जब जेल से छूट के आया तो इस बात का विरोध कर रहा था। इसी को लेकर कहासुनी भी चल रही थी। मंगलवार की रात चंपा जब अपनी बेटी ज्योति और दामाद ललतेश और अजय के साथ साई मंदिर रोड पर जा रही थी। तभी बॉबी ने गुस्से में चाकू से चंपा पर वार किया था। लेकिन उसको बचाने आई ज्योति के सीने में चाकू लग गया। साथ ही ललतेश भी घायल हो गया।

## गाजियाबाद में दोहरे हत्याकांड का खुलासा

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र की गुलाब वाटिका कॉलोनी में बुधवार सुबह मिले मां और बेटे के शव का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। पुलिस के मुताबिक घर के बड़े बेटे ने ही देर रात दोनों की हत्या की थी। उसके बाद सुबह आकर पुलिस को गुमराह किया की किसी बदमाश ने लूट के दौरान वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस के मुताबिक पैसे और जायजाद के लिए दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिया गया था। गाजियाबाद में डीसीपी ग्रामीण विवेक चंद यादव ने बताया कि थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र के गुलाब वाटिका क्षेत्र में रहने वाले धर्मेंद्र ने बुधवार सुबह पुलिस को सूचना दी के दूसरी मंजिल पर रहने वाले उसकी मां यशोदा और भाई की हत्या कर दी गई है। धर्मेंद्र ने आशंका जताई थी की घर में रखे पैसे और जेवरात की लूट के दौरान यह हत्या की गई है। पुलिस ने चंद घंटे में ही इसका खुलासा कर दिया है। दोहरे हत्याकांड का खुलासा करते हुए धर्मेंद्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक मंगलवार देर रात धर्मेंद्र जो तीसरी मंजिल पर अपने परिवार के साथ रहता है वह चारपाई का पाया लेकर आया और उसने अपनी मां पर ताबड़तोड़ वार शुरू कर दिए। आवाज सुनकर उसका छोटा भाई जो मानसिक रूप से दिव्यांग है विजेंद्र 35 वर्ष को जाग गया तो उस पर भी इस चारपाई के पाय से वार करके उसकी हत्या कर दी।

## गाजियाबाद में 8 महीने की बच्ची की मौत

गाजियाबाद। गाजियाबाद के फरुखनगर के कुरेशी मोहल्ले में एक 8 महीने की बच्ची का शव मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जिस समय बच्ची की मौत हुई बच्ची की मां अपने मायके में थी। बच्ची के मामा का आरोप है की बच्ची का पिता बेटी होने से नाखुश था। इसी कारण गला दबा के मारा है। गाजियाबाद के शहीद नगर के रहने वाले मोनीश कुरैशी ने बताया कि उसकी बहन मुर्शीदा की शादी करीब 9 साल पहले थाना टीला मोड़ के फारुख नगर के कुरेशी मोहल्ले में रहने वाले आसिफ कुरैशी से हुई थी। शादी के बाद आसिफ और मुर्शीदा के तीन बच्चे हुए। जिसमें पहले बेटा और उसके बाद दो बेटी है। मोनीश का आरोप है की बेटी होने से आसिफ नाखुश था और दोनों बेटियों को पीटा करता था। मोनीश के मुताबिक आसिफ की साइकिल के टायर के वॉल बनाने का काम है। मोनीश का आरोप है कि आसिफ ने अपनी पत्नी को चार दिन पहले इतना पीटा था की उसकी नाक की हड्डी टूट गई थी। जिसका इलाज करने के लिए वह मायके आई हुई थी। मंगलवार की शाम उन्हें सूचना मिली कि उनकी छोटी भांजी आयशा जिसकी उम्र 8 महीने हैं उसकी घर में मौत हो गई है। जब वह मौके पर पहुंचे तो घर पर सिर्फ उनकी भांजी का शव था बाकी लोग वहां से जा चुके थे।

## हाथ पैर बांधकर मजदूर की हत्या

लोनी। अंकुर विहार थाना क्षेत्र के डीएलएफ कॉलोनी में बुधवार शाम एक फ्लैट में एक मजदूर का शव मिला। मजदूर के तन पर कपड़ा नहीं था और हाथ पैर बंधे थे। पड़ोसियों ने फ्लैट से बदबू आने पर पुलिस को सूचना दी थी। फ्लैट मालिक ने मौके पर पहुंचकर मृतक की शिनाख्त की। मौके पर फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है। मूल रूप से बिहार के रहने वाले सिकंदर राय (50) अंकुर विहार थाना क्षेत्र के डीएलएफ कॉलोनी में एक फ्लैट में किराये पर रहते थे। वह लाइट ठीक करने, शीशे लगाने व अन्य मजदूरी के कार्य करते थे। करीब 15 दिन पहले वह इस फ्लैट में रहने के लिए आए थे। दिल्ली निवासी एक व्यक्ति का यह फ्लैट है। फ्लैट मालिक ने सिकंदर राय को फ्लैट के शीशे लगाने के लिए कहा था। बुधवार शाम करीब साढ़े 6 बजे आसपास के लोगों को फ्लैट से बदबू आने लगी। लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा फ्लैट के अंदर सिकंदर राजा का शव पड़ा है। सिकंदर के तन पर एक भी कपड़ा नहीं है। हाथ और पैर पीछे की तरफ बंधे हैं। शव सड़ी गली अवस्था में मिला। पुलिस ने फ्लैट मालिक को सूचना देकर मौके पर बुलाया। फ्लैट मालिक गीता बिष्ट ने मृतक की पहचान सिकंदर राय के रूप में की। एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दी जा रही है। फ्लैट मालिक ने उसे 15 दिन पहले ही फ्लैट दिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत के कारण का पता चलेगा। फॉरेंसिक टीम जांच कर रही है। आसपास के सीसीटीवी कैमरा की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।

# इंडस्ट्री को रिप्रजेंट करेगा नोएडा का स्ट्रीट फूड मार्केट

नोएडा। नोएडा के नालों को कवर करके उनके ऊपर स्ट्रीट कियोस्क बनाए जाने का प्लान है। ये स्ट्रीट फूड कियोस्क नोएडा की इंडस्ट्री को रिप्रजेंट करेंगे। यहां कार पार्किंग की व्यवस्था होगी। यानी कार लगाकर आराम से उसमे बैठकर आप स्ट्रीट फूड खा सकेंगे।

वुडेन ग्लास कॉन्सेप्ट पर स्ट्रीट कियोस्क बनाए जाएंगे। जिसका प्रेजेंटेशन नोएडा प्राधिकरण में किया गया। डिजाइन अप्रूवल के बाद इसे बनाया जाएगा। डीपी आर के बाद इसका एस्टीमेट सामने आएगा।

### 300 मीटर में 20 कियोस्क, वुडेन और ग्लास से बनेंगे

नोएडा में दो स्थानों पर स्ट्रीट फूड कियोस्क बनाए जाएंगे। पहला सेक्टर-98 में स्काई मार्क मॉल के सामने बनाया जाएगा। यहां 300 मीटर लंबा स्पेस इसके लिए रिजर्व किया गया है। जिसमें करीब 20 कियोस्क बनाए जाएंगे।

इनका आवंटन कैसे होगा इस पर जल्द निर्णय लिया जाएगा। थ्री साइड ओपन ये कियोस्क पूरी तरह से ग्लास और वुडेन पर बनाए जाएंगे। इसी कॉन्सेप्ट पर जीआईपी से सेक्टर-37 की ओर भी करीब 16 कियोस्क बनाने का प्लान है।

### प्रत्येक कियोस्क के सामने होगी पार्किंग

सेक्टर-98 में बनने वाले कियोस्क के सामने 100 कार की पार्किंग होगी। ये पार्किंग कियोस्क के सामने होगी। जिसमें आप कार खड़ी करके आसानी से फूड खा सकेंगे। नोएडा में ये पहला कॉन्सेप्ट है। इससे प्राधिकरण को राजस्व भी मिलेगा साथ ही लोगों को रोजगार भी मिलेगा। बता दें स्ट्रीट फूड के लिए हाल ही में प्राधिकरण की टीम इंदौर तक जा चुकी है। अधिकारियों ने बताया कि नोएडा को न्यू टाउन की तरह डिजाइन किया गया है। इसलिए यहां बनाए जाने वाला स्ट्रीट फूड मार्केट भी अलग डिजाइन का बनाया जाएगा।

# नोएडा में तालाबों के जीर्णोद्धार के लिए बनेगा 'मास्टर प्लान'

## सैटेलाइट इमेज से होगा सर्वे; अतिक्रमण मिलने पर 1.25 गुना अधिक बनाएंगे तालाब

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर में आगामी 10 साल में ग्राउंड वाटर लेवल की स्थिति खराब हो सकती है। औसतन सालाना डेढ़ से दो मीटर तक वाटर लेवल गिर रहा है। जिससे यहां पीने योग्य पानी नहीं बचेगा। इसलिए अब जनपद में ग्राउंड वाटर बढ़ाने के लिए तालाबों का एक मास्टर प्लान तैयार किया जाए।

अतिक्रमित तालाबों की सैटेलाइट इमेज की मदद ली जाएगी। तालाब पहले से ही अतिक्रमित हैं या विकास कार्य में बाधित हुए हैं। उनके स्थान पर 1.25 गुना अधिक तालाब तत्काल बनवाए जाए। ये निर्देश मुख्य विकास अधिकारी ने जिला वेट लैंड समिति के कार्यों की समीक्षा के दौरान दिए।

देखा जाए तो जनपद गौतमबुद्ध नगर में शुरुआती दौर में 1,018 तालाब थे, जिसमें से 217 के करीब तालाबों पर अतिक्रमण था। जिसमें 67 तालाब नोएडा प्राधिकरण, 281 ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण क्षेत्र और 277 तालाब यमुना विकास प्राधिकरण और करीब 361 तालाब ग्राम पंचायत क्षेत्र में है।



विगत एक साल में तीनों प्राधिकरण क्षेत्र में कई तालाबों का जीर्णोद्धार कराया गया। अब जनपद सभी 1018 तालाबों को जीर्णोद्धार कराया जाएगा।

बतौर इसके लिए नोएडा, ग्रेटरनोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण अधिकारी अपने अपने क्षेत्र में शहरी एवं ग्रामीण गंगा समिति का गठन करेंगे। इसके बाद सैटलाइट इमेज से तालाबों की एक रिपोर्ट बनाएंगे।

इसके अनुसार इन तालाबों को पुर्नद्धार कैसे किया जाए, ऐसे तालाब जो विकास परियोजनाओं के कारण समाप्त हो गए। उनके स्थान पर कहां पर तालाब बनाए जाए। इसकी पूरी जानकारी के साथ एक प्लान बनाएंगे।

### नोएडा में पुष्प करणी तालाब बनाकर ग्राउंड वाटर को किया जाएगा रिचार्ज

नोएडा के बड़े पार्कों में पुष्करिणी तालाब बनाए जाएंगे। इन तालाबों में सीढ़ियों से होते हुए पानी एक ग्राउंड पर एकत्रित होता है और वहां से ग्राउंड के अंदर चला जाता है। ये तालाब ग्राउंड वाटर लेवल को बढ़ाने में कारगर है।

नोएडा में सेक्टर-62 , सेक्टर-14ए पार्क इसके अलावा प्रस्तावित पार्क जिसमें सेक्टर-112 राम वन गमन पथ पार्क , सेक्टर-145 में वीर रथ पार्क , सेक्टर-94 में जापानी पार्क , सेक्टर-116 में आर्य मंडल पार्क, सेक्टर- 146 में राज उपवन पार्क में पुष्करिणी तालाब बनाया जाएगा।

### दिसंबर 2024 तक ग्राउंड वाटर का नहीं होगा प्रयोग

शहर में 240 एमएलडी गंगाजल पानी की सप्लाई की जा रही है। यह सप्लाई 16 लाख की आबादी के अनुसार है। लेकिन डिमांड 332 एमएलडी गंगाजल की है। पानी की मांग को पूरा करने के लिए नोएडा प्राधिकरण 44 प्रतिशत पानी भू-जल के जरिए निकलता है। बाकी गंगा वाटर गाजियाबाद प्रताप विहार प्लांट से आता है। हालांकि इसका प्लान भी तैयार है। बताया गया कि सितंबर तक नोएडा में सभी 11 रेनी वैल काम करने लगेंगे। जिससे 123 एमएलडी पानी मिलेगा। इस पानी का प्रयोग गंगाजल में किया जाएगा। इसके बाद भू जल का प्रयोग नहीं किया जाएगा।

# प्राधिकरण के सीईओ की बिल्डरों को दो टूक

## खरीदारों के नाम फ्लैट्स की जल्द रजिस्ट्री कराएं, नहीं तो कार्रवाई होगी



गौतम बुद्ध नगर। बिल्डर परियोजनाओं में फ्लैट खरीदारों के नाम जल्द रजिस्ट्री कराने के मकसद से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने बुधवार को क्रेडाई के साथ बैठक की। सीईओ ने बिल्डरों को फ्लैट खरीदारों के नाम रजिस्ट्री शीघ्र कराने के निर्देश दिए और जिन बिल्डरों ने प्रोजेक्ट पर कुल बकाया राशि का 25 फीसदी जमा नहीं किया है, वे एक सप्ताह में भुगतान कर खरीदारों के नाम फ्लैटों की रजिस्ट्री शुरू कराएं, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।

फ्लैट खरीदारों को उनका आशियाना दिलाने के मकसद से गठित अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों के आधार पर फ्लैटों की रजिस्ट्री कराने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण प्रयासरत है। ऐसे कुल 96 परियोजानाओं में खरीदारों के नाम रजिस्ट्री होनी है। इन 96 में से 15 परियोजनाएं ऐसी हैं जिन पर ड्यूज नहीं है, इन परियोजनाओं के फ्लैटों की रजिस्ट्री हो रही है। इन 15 परियोजनाओं में अब तक 2322 फ्लैटों की रजिस्ट्री हो चुकी है। इसके अतिरिक्त 40 ऐसी परियोजनाएं हैं जिनके बिल्डरों ने कुल बकाया रकम का 25 फीसदी लगभग 276 करोड़ रुपये प्राधिकरण में जमा कर दिया है।

इन 40 परियोजनों से लगभग 1200 करोड़ रुपये की प्राप्ति और होनी है। 25 फीसदी रकम जमा करने के बाद इन परियोजनाओं में भी रजिस्ट्री शुरू हो चुकी है। इनमें अब तक 315 फ्लैटों की रजिस्ट्री भी हो चुकी है। शेष 41 परियोजानाओं में 25 फीसदी रकम जमा होते ही रजिस्ट्री की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इन मसलों को लेकर बुधवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव व अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में क्रेडाई के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

सीईओ ने निर्देश दिए कि जिन 40 बिल्डरों ने 25 फीसदी रकम जमा कराकर रजिस्ट्री शुरू करा दी है, वे सभी रजिस्ट्री की प्रक्रिया और तेजी से संपन्न कराएं और जिन 41 परियोजनाओ से जुड़े बिल्डरों ने अभी तक 25 फीसदी धनराशि जमा नहीं की है, वे एक सप्ताह के भीतर भुगतान कर रजिस्ट्री शुरू कराएं।

अन्यथा इस अवधि के बाद प्राधिकरण इन बिल्डरों पर कड़ी कार्रवाई करेगा। इनकी सबलीज कैंसिल कर संपत्ति अटैच करने तक की कार्रवाई की जाएगी। बैठक में क्रेडाई से मनोज गौड़, गीतांबर आनंद, दिनेश गुप्ता सहित कई पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# नोएडा में बच्ची को लिफ्ट में कुत्ते ने काटा

एजेंसी

नोएडा। नोएडा के सेक्टर-107 स्थित लोटस 300 सोसाइटी की लिफ्ट में 10 साल की बच्ची पर पालतू कुत्ते ने हमला दिया। इससे वह घायल हो गई।

बच्ची की मां ने सोसाइटी प्रबंधन से शिकायत करके कार्रवाई की मांग की है। इस घटना का वीडियो मंगलवार शाम को सामने आया है।

वीडियो में दिख रहा है कि एक 10 साल की बच्ची रात में 9 बजे लिफ्ट से नीचे जा रही है। जैसे ही लिफ्ट दूसरे फ्लोर पर खुली, तभी पालतू कुत्ते ने हमला कर दाएं हाथ पर काट लिया। कुत्ते के काटने से बच्ची के हाथ में खून बहने लगा।

इसी दौरान व्यक्ति ने कुत्ते को वहां से भगा दिया। हालाकि थोड़ी देर में कुत्ता फिर से लिफ्ट के अंदर घुसने की कोशिश करता है लेकिन घबराई बच्ची जल्दी-जल्दी लिफ्ट का बटन दबाती है। और अपने फ्लोर पर चली जाती है।

सोसाइटी निवासी मोनिका अग्रवाल ने बताया कि मेरी बेटी 3 मई को रात में खेलने नीचे जा रही थी तभी कुत्ते काट लिया। इससे पहले भी इसी कुत्ते ने एक महिला पर भी हमला किया था। मैने सोसाइटी प्रबंधन से शिकायत की है।

उन्होंने कहा कुत्ते के मालिक अगर उसे मजल पहनाया और रस्सी से बांधकर रखा होता तो ये हादसा नहीं होता।

# अवैध स्वीमिंग पूल में डूबने से 10 साल के बच्चे की मौत

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट के चिपियाना गांव में बने अवैध स्विमिंग पूल में 10 साल के बच्चे की डूबने से मौत हो गई। घटना 24 अप्रैल की है। बच्चा बोल और सुन नहीं पाता था। बुधवार को सोशल मीडिया पर पूरा घटनाक्रम वायरल हो गया। मामले में परिजन और अन्य पुलिस और खेल विभाग पर घटना को दबाने का आरोप लगा रहे हैं। वहीं पुलिस का दावा है मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। पूल संचालक को गिरफ्तार करने के लिए दबिश दी जा रही है। वहीं खेल विभाग ने पूल को सील करा दिया है।

गाजियाबाद के गणेशपुरा पंजाब लाइन निवासी राम सिंह ऑटो रिक्शा चलाते हैं। कक्षा 5 में पढ़ने वाला बेटा नितिन (10) बोल और सुन भी नहीं पता था। इसी 24 अप्रैल को नितिन दोस्तों के साथ ग्रेटर नोएडा के चिपियाना स्थित आरजेवी स्विमिंग पूल में नहाने गया था।

उस वक्त स्विमिंग पूल में आठ बच्चे नहा रहे थे। नितिन भी स्विमिंग पूल में नहाने के लिए कूद गया। थोड़ी देर में वह पानी में डूबने लगा। बोल नहीं पाने के कारण वह शोर नहीं मचा सका। आसपास मौजूद बच्चों का ध्यान भी उस पर नहीं गया। आरोप है कि वहां कोई लाइफ गार्ड भी नहीं था।

कुछ देर बाद वहां मौजूद बच्चों ने उसे देखकर पूल संचालक को सूचना दी।

# गाजियाबाद में संपन्न हुई ईस्टर्न-ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर परियोजना की बैठक

## 35 किलोमीटर के रेल रुट के बारे में हुई चर्चा, डाटा कलेक्शन के लिए टीम गठन

गाजियाबाद। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अंतर्गत ईस्टर्न ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर परियोजना की फिजिबिल्टी रिपोर्ट के संबंध में मेरठ मंडल की आयुक्त की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में हरियाणा रेल अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, मेरठ विकास प्राधिकरण, नोएडा विकास प्राधिकरण, यमुना एक्सप्रेस-वे प्राधिकरण, यूपीएसआरटीसी, यूपी सीड़ा, एनएचएआई, एनसीआर सेल आदि विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के सेक्रेटरी राजेश कुमार सिंह ने बताया की गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में ईस्टर्न ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर परियोजना को लेकर मेरठ आयुक्त सेल्वा कुमारी की अध्यक्षता में प्राधिकरण सभागार में बैठक का आयोजन हुआ। इस बैठक में एचआरआईसीडी द्वारा पूर्वी ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर के लगभग 135 किलोमीटर के एलाइनमेंट, प्रस्तावित फाइनेंशली स्ट्रक्चर, कॉरिडोर के लाभ, पोटेंशियल स्टेकहोल्डर, स्कोप ऑफ़ वर्क के अंतर्गत ट्रैफिक एस्टीमेट, स्टडी फाइनेंशली एनालिसिस, ड्रोन वीडियोग्राफी तथा टैक्स स्टडी रिपोर्ट तथा उत्तर प्रदेश सरकार से वंचित डाटा कलेक्शन के संबंध में विवरण प्रस्तुत किया गया।



बैठक के दौरान आयुक्त मेरठ मंडल ने निर्देशित किया कि ईस्टर्न ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर परियोजना से संगलन क्षेत्र के सर्वे एवं डाटा कलेक्शन के लिए अलग-अलग टीम का गठन किया जाए। यह रेल कॉरिडोर ईस्टर्न पेरिफेरल के साथ-साथ बनेगा।

# प्रियंका ने राहुल के चुनाव प्रचार की कमान संभाली

## प्रियंका ने कहा इस सरकार में आम आदमी बुरी तरह से परेशान हुआ है



रायबरेली। गांधी परिवार की प्रतिष्ठा से जुड़े रायबरेली संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार राहुल गांधी के पक्ष में उनकी बहन एवं पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को चुनाव प्रचार का आगाज करते हुये केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार पर जमकर प्रहार किये।

वाड्रा ने मोदी सरकार और उनकी नीतियों पर निशाना साधने के साथ रायबरेली से अपने परिवार के आत्मीय संबंध का बखान किया। उन्होने गांधी नेहरू परिवार के यहां से जुड़ाव के पीछे का कारण आजादी के पहले का मुंशीगंज गोलीकांड और यहां के लोगो की जागरूकता बताया।

प्रियंका ने रायबरेली से कांग्रेस उम्मीदवार राहुल गांधी और अमेठी से कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा की कमान संभाली। अपने चुनाव अभियान के दौरान थुलवांसा में न्याय संकल्प सभा व नुक्कड़ सभा मे मोदी सरकार पर जम कर निशाना साधते हुए उन्होने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार ने बेरोजगारी महंगाई किसान समेत देश के हर नागरिक को परेशान किया है। मोदी सरकार केवल पूंजीपतियों की सरकार है। इस सरकार में आम आदमी बुरी तरह से परेशान हुआ है। मुफ्त का पांच किलो राशन बांट कर मोदी सरकार ने आम लोगो के रोजी रोजगार के अवसर को समाप्त कर दिया है और खेती के सामान जिस पर भी जीएसटी है, समेत सभी ओर महंगाई बढ़ने से आम आदमी का विकास रुक गया है।

उन्होंने कहा कि 400 लोकसभा सीट मोदी सरकार इसलिए चाहती है ताकि संविधान खत्म कर सके। उन्होंने अपनी कर्नाटक समेत अन्य राज्यों की उपलब्धि को बताते हुए कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में है कि गरीब परिवार की सबसे बड़ी महिला को एक लाख रुपए दिए जाएंगे। महिलाओं को आरक्षण दिया जाएगा। 30 लाख सरकारी नौकरियों की रिक्तियों को तुरंत भरा जाएगा। इनके अलावा अन्य घोषणाएं भी गिनाई। प्रियंका ने मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि आज सारी भाजपा राहुल गांधी के पीछे पड़ी है उनका घर छीन लिया, सदस्यता छीनी, उनकी छवि खराब करने में कोई कसर नही छोड़ी लेकिन इसके बावजूद राहुल गांधी में देश और देशवासियों से प्रेम है इसीलिए उन्होंने जब देखा कि वर्तमान सरकार की नीतियां गरीब दलित आदिवासी और अल्पसंख्यक समेत देश को नीचे पतन की राह पर ढकेल रही है और पूंजीपतियों के लिए ही काम कर रही है तो उन्होंने सामाजिक न्याय यात्रा में 4 हज़ार किलोमीटर कन्याकुमारी से कश्मीर की पैदल यात्रा की फिर मुंबई से मणिपुर की यात्रा की।

# लखनऊ में राजनीतिक दलों के साथ अधिकारियों की बैठक

## सोशल मीडिया पर प्रचार की लेनी होगी परमिशन

लखनऊ। लखनऊ में चुनाव व्यय प्रेक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारी और चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की बैठक हुई। इसमें कहा गया कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रचार के लिए पहले परमिशन लेनी होगी। साथ ही सभी तरह के दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा।

बैठक में व्यय प्रेक्षक लखनऊ ने कहा कि बिना अनुमति कोई जनसभा, रैली या निर्वाचन संबंधित प्रचार-प्रसार नहीं किया जाएगा। चुनाव प्रचार के लिए अनुमति लेना अनिवार्य है।

मोहनलालगंज के प्रेक्षक ने कहा कि जितने वाहनों की अनुमति ली गई है, उतने ही गाड़ियां प्रयोग करनी होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का पालन कराने के लिए सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी की जा रही है।

### कंटेंट शेयर करने से पहले अप्रूवल जरूरी

सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर कोई भी प्रत्याशी कंटेंट को बिना अप्रूव कराए अपलोड नहीं कर पाएंगे। साथ ही उन्होंने बताया कि समय-समय पर वाट्सअप ग्रुप के जरिए सभी सूचनाएं प्रत्याशियों को दी जाएंगी। इसके अलावा सोशल मीडिया पर नजर रखी जाएगी।

## शार्ट न्यूज

### दो दिन के अन्दर करायें लेखा मिलान, अन्यथा की स्थिति में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के निर्देशानुसार कार्यवाही सम्भव

सीतापुर ।जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने अपने नोटिस दिनांक-08 मई 2024 के द्वारा अवगत कराया है कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 में प्रथम मिलान की तिथि 03मई2024 तथा द्वितीय मिलान की तिथि 07मई2024, समय प्रातः दस बजे से सांय पांच बजे तक स्थान नेहरू हॉल, जिला पंचायत सीतापुर में निर्धारित थी। निर्धारित तिथि में मो0 काशिफ अंसारी, निवासी मो0-पठानी,पो0-बिसवां, जिला सीतापुर (अपना दल कमेरावादी), व चन्द्र शेखर वर्मा, नि0-म0सं0 68, ग्राम हाजीपुर, तह0-महमूदाबाद, सीतापुर (राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी) ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण पर आदेशों का सार संग्रह के अनुलग्नक-ग-15 के अनुपालन में, व्यय प्रेक्षक के निर्देश के क्रम में लेखा मिलान (व्यय लेखा पंजिका, बैंक पंजिका, बाउचर, बैंक स्टेटमेन्ट की छाया प्रतियाँ) नहीं कराया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि यह स्थिति अत्यन्त खेद जनक है। प्रथम लेखा मिलान न कराये जाने पर सम्बन्धितों को पत्र दिनांक- 04 मई 2024 को नोटिस प्रेषित कर अवगत कराया गया था कि अपना लेखा मिलना तीन दिवस के अन्दर करा लें, जो नहीं कराया गया है।

### मतदान प्रशिक्षण से अनुपस्थित कार्मिकों के विरुद्ध दिए गए कार्यवाही के निर्देश

विशाल इंडिया/ब्यूरो

सीतापुर। जिला विकास अधिकारी/सहायक प्रभारी अधिकारी (मतदान कार्मिक) सीतापुर हरिश्चन्द्र प्रजापति ने बताया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 में तैनात किये गये मतदान कार्मिकों में से दो सौ अठारह पार्टियों को प्रशिक्षण दिनांक-08 मई 2024 को प्रथम पाली में जी0डी0 गोयनका पब्लिक स्कूल, निकट टोल प्लाजा, खैराबाद में प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण में तीन मतदान अधिकारी प्रथम, चार मतदान अधिकारी द्वितीय एवं आठ मतदान अधिकारी तृतीय अनुपस्थित रहे। उक्त के अतिरिक्त एक पीठासीन अधिकारी, एक मतदान अधिकारी प्रथम, एक मतदान अधिकारी द्वितीय एवं दो मतदान अधिकारी तृतीय कुल पांच कार्मिक समय से पहले प्रशिक्षण से चले गये। ऐसे कार्मिक जो समय से पहले प्रशिक्षण छोड़कर चले गये उनके कार्यालयाध्यक्षों को उनके विरूद्ध अनुशानात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिये जा रहे हैं।

### इलाज के दौरान बुजुर्ग महिला की मौत

बिजनौर। बिजनौर के शेरकोट इलाके में इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए अस्पताल में हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों को समझा-बुझाकर शांत किया। परिजन डॉक्टर पर कानूनी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पूरा मामला बिजनौर के शेरकोट थाना क्षेत्र का है, जहां के मोहल्ला कोटरा के रहने वाले मोहम्मद साजिद ने अपनी 60 वर्षीय माता महमूदा खातून को कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय के पास स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। पीड़ित का कहना है कि उनकी मां को कई दिन से कमजोरी महसूस हो रही थी। डॉक्टर ने उनकी मां के इलाज में लापरवाही बरती है, जिसके चलते उनकी मां की मौत हो गई। आरोप है कि वह बार-बार डॉक्टर से यह जानकारी कर रहे थे कि तबीयत कैसी है जानकारी करने पर डॉक्टर सुधार होने का भरोसा देता रहा, लेकिन सुधार नहीं हुआ। आरोप है कि डॉक्टर की लापरवाही के कारण उनकी माता की मौत हुई है। काफी संख्या में परिजन व ग्रामीण अस्पताल में जमा हो गए और हंगामा करने लगे।

### संदिग्ध परिस्थिति में मिला महिला का शव

**अलीगढ़।** अलीगढ़ के जवां थाना क्षेत्र में बुधवार को जंगल में एक महिला का शव संदिग्ध परिस्थिति में मिला। यहां से गुजरने वाले लोगों ने जब जंगल में शव को देखा तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। महिला पुलिस की मौजूदगी में पुलिस ने महिला की तलाशी ली और फिर शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रख दिया गया है। वहीं आसपास के क्षेत्र में लोगों से पूछताछ की जा रही है, जिससे घटना का खुलासा जल्द से जल्द किया जा सके। लेकिन पुलिस के हाथ अभी तक कोई तथ्य नहीं आए हैं। फिलहाल टीम मामले की जांच कर रही है। पुलिस को जवां क्षेत्र के मिर्जापुर रठ गांव के पास जंगल में महिला का शव मिला है। मृतक महिला की उम्र लगभग 45 साल के आसपास है और उसने गुलाबी रंग के कपड़े पहने हुए हैं। महिला के गले में प्लास्टिक का रस्सा भी बंधा हुआ मिला है। जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि महिला का गला घोंटकर उसकी हत्या की गई है।

### झोपड़ी में फंदे से लटका मिला युवक

अलीगढ। अलीगढ़ में बुधवार को एक युवक का शव घर के सामने झोपड़ी में संदिग्ध परिस्थिति मिला। युवक का शव फंदे से लटका हुआ था। जब परिवार के लोगों ने झोपड़ी में शव देखा तो घर में कोहराम मच गया। आसपास के लोग भी वहां पहुंच गए और तत्काल पुलिस को जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर क्वार्सी पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और शव को नीचे उतारा। शव का प्रारंभिक परीक्षण करने के बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिवार के लोगों का आरोप है कि युवक ने किसी के उकसाने पर इस तरह का कदम उठाया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। क्वार्सी के गांव देवसैनी निवासी राकेश कुमार का 20 वर्षीय पुत्र अतुल मेहनत मजदूरी करता था। उसके घर के सामने ही एक छप्पर वाला कमरा बना हुआ था, जहां पर वह अक्सर जाकर सो जाता था। बुधवार को भी वह इसी कमरे में था और दरवाजा अंदर से बंद कर लिया था। काफी देर तक जब वह कमरे से बाहर नहीं आया तो परिवार के लोगों को कुछ संदेह हुआ। उन्होंने कमरे के बाहर जाकर आवाजें लगाई तो भी युवक ने कमरा नहीं खोला। जिसके बाद परिवार के लोगों को संदेह हुआ और उन्होंने धक्का मारकर दरवाजा खोला।

### महिलाओं से लूट करने वाला बदमाश गिरफ्तार

लखनऊ। लखनऊ की सहादतगंज पुलिस ने शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया। बदमाश अकेले स्कूटी से घटना को अंजाम देता था। लूटा हुआ सामान मुथुट फाइनेंस में ले जाकर गिरवी रख देता। जिसकी रसीद भी पुलिस को मिली है। पुलिस आरोपी से अन्य घटनाओं को लेकर पूछताछ कर रही है। थाना प्रभारी बृजेश सिंह बताया कि 26 अप्रैल को सहादतगंज की रहने वाली सीमा मौर्या अपनी बेटी के साथ रात 10: 30 बजे खाना खाकर टहल रही थी। तभी एक स्कूटी सवार अज्ञात युवक आया और उनकी चेन लूटकर फरार हो गया। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने तलाश शुरू की। करीब 100 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे खंगाले। जिसके आधार पर पुलिस ने भवानीगंज, बाजारखाला के रहने वाले दिवेंद्र सिंह (38) पुत्र स्वर्गीय सुरेश सिंह को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी 6 अप्रैल को बाराबंकी के हैदरगढ़ में भी लूट की वारदात कबूली। पुलिस को आरोपी के पास से मुथुट फाइनेंस की रसीद मिली है। जिसके आधार पर लूटे हुए सामान की रिकवरी की जाएगी। इसके अलावा ये जानकारी ली जाएगी कि अब कितना सामान मुथुट फाइनेंस में रखवा चुका है।

### किशोरी और महिलाओं से मारपीट

शामली। शामली जनपद के आदर्श मंडी थाना क्षेत्र के गांव टिटौली में बच्चों के विवाद को लेकर घर में घुसकर परिजनों के साथ की मारपीट, महिलाओं के साथ भी छेड़छाड़ और बदसुलूकी की करते हुए घटना को अंजाम दिया। पीड़ितों द्वारा थाने में तहरीर देने के बाद भी कोई कार्रवाई न होने के चलते एसएसपी ऑफिस में पहुच कर लगाई गुहार। वही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पीड़ितों को कार्रवाई का आश्वासन देते हुए थाना पुलिस को आदेशित किया है। मामला शामली जनपद के गांव टिटौली का है। जहां पर बच्चों के गिल्ली डंडा खेलने के दौरान एक पक्ष के बच्चे को गिल्ली लगने से दोनों पक्षों में विवाद होगा। जिसमें एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के घर पर जाकर हमला कर दिया।आरोपियों ने घर में मौजूद बच्चों महिलाओं और नवयुग के साथ भी मारपीट की घटना को अंजाम दिया है।

# कानपुर में पहले दिन घर-घर मतदान में अव्यवस्थाएं

## 3 घंटे में पोलिंग पार्टी करा सकीं एक बुजुर्ग का मतदान, वोट कराने निकली 68 टीमें



**कानपुर ।** कानपुर और अकबरपुर सीट पर मतदाताओं को घर से वोट कराने के लिए 68 टीमें रवाना की गई हैं। सरसैया घाट स्थित ईवीएम वेयरहाउस से टीमों को रवाना किया गया। जिले में 1677 ऐसे मतदाता हैं जो दिव्यांग और 85 साल से अधिक उम्र के बुजुर्ग हैं। सभी को पोलिंग पार्टियां घर में ही उनके स्थान पर वोट करा रही हैं। पहले ही दिन अव्यवस्थाएं भारी रहीं।

### साढ़े 3 घंटे बाद कर्रही में पड़ पाया वोट

सुबह 11 बजे वेयरहाउस से रवाना हुई टीम को मतदान कराने में करीब साढ़े 3 घंटे का समय लग गया। रिटर्निंग ऑफिसर पहले बीएलओ को ढूंढते रहे फिर बीएलओ 90 वर्षीय बुजुर्ग महिला रेवती देवी का घर ढूंढते रहे। इसके बाद पोलिंग पार्टी कर्रही स्थित बुजुर्ग मतदाता के घर पहुंच सकी। पोलिंग पार्टियों को मतदान कराने के लिए बड़े-बड़े दावे किए गए थे। लेकिन पहले ही दिन सभी दावे ध्वस्त हो गए। पोलिंग पार्टियों को न तो अच्छी गाड़ियां मिली और न ही उन्हें मतदाता के घर कैसे पहुंचे, इसका प्रशिक्षण दिया गया। एक-एक मतदाता घर पहुंचने में टीमों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है।

### घर से मतदान की दी थी सहमति

10 मई के बीच टीमें हर विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं के घर पहुंचेंगी। फार्म-12 डी भरवाने के लिए बीएलओ को जिम्मेदारी दी गई थी। इसके अलावा एप के माध्यम से भी फार्म डाउनलोड कर लोगों ने आवेदन किए थे। इसमें 1677 लोगों ने घर से मतदान करने की सहमति दी थी।

# अयोध्या में मस्जिद निर्माण के नाम पर ठगी

## लखनऊ में सुन्नी सेंट्रल बोर्ड ने दर्ज कराई एफआईआर; बैंक खाता शेयर कर मांगा जा रहा पैसा

लखनऊ। अयोध्या में मस्जिद निर्माण के नाम पर पैसे वसूलने, चंदा मांगने वालों के खिलाफ ठगी का केस दर्ज किया गया है। मस्जिद ट्रस्ट ने लखनऊ के गौतमपल्ली थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू की है।

इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी व यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ के अध्यक्ष जफर अहमद फारूकी ने बताया कि अयोध्या के धन्नीपुर में मोहम्मद बिन अब्दुल्लाह मस्जिद का निर्माण कराया जा रहा है। ठगों ने मस्जिद निर्माण के नाम पर अवैध तरीके से चंदा वसूलना शुरू कर दिया है, जिसकी शिकायत हमने पुलिस से की।

### मस्जिद की फोटो लगाकर शेयर किया गया बैंक खाता

मुख्य ट्रस्टी जुफर अहमद फारूकी ने आरोप लगाया कि सोशल मीडिया पर मस्जिद की कुछ फोटो लगाई गई है। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का अकाउंट नंबर भी शेयर किया गया है। इसी खाते में चंदे की रकम जमा करने की अपील की गई है। यह पूरी तरह से गलत काम है।

मुख्य ट्रस्टी ने बताया कि सोमवार को ट्रस्ट के सचिव अतहर हुसैन के वाट्सएप पर सुबह 10:56 बजे ऐसी फोटो शेयर हुई। जब उन्होंने यह मैसेज देखा तो हैरान रह गए क्योंकि ट्रस्ट के किसी भी व्यक्ति को यह जानकारी नहीं थी इस तरह से चंदा भी वसूला जा रहा है। इससे यह भी पता चला कि सोशल मीडिया पर कुछ लोग गलत तरीके से मस्जिद निर्माण के नाम पर पैसे वसूलने के काम में लगे हैं। ट्रस्ट ने आम लोगों से ऐसे खाते में पैसा न डालने की अपील भी जारी की है।

उन्होंने बताया कि यह मैसेज अयोध्या के रहने वाले अरशद अफजाल खान ने अतहर हुसैन को भेजा और पूछा कि क्या यह सही है? फारूकी ने आगे बताया कि मस्जिद बनाने के लिए अभी तक ट्रस्ट की तरफ से कोई भी बैंक खाता नहीं खोला गया है। इससे साफ है कि कोई मस्जिद के नाम पर ठगी का धंधा कर रहा है और चंदे का पैसा जमा कर रहा है।

### किशोरी को अगवाकर सामूहिक दुष्कर्म

लखीमपुर-खीरी। जनपद लखीमपुर खीरी के थाना क्षेत्र के एक गांव से एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। थाना क्षेत्र गांव निवासी किशोरी के पिता ने दो युवकों पर अपनी नाबालिग पुत्री को अवगा कर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। मामले की जानकारी देते हुए किशोरी पिता ने बताया है कि बीते 6मई रात करीब दस बजे किशोरी अपनी मां के साथ घर के बाहर बने शौचालय में शौच क्रिया कराने गई थी। वही किशोरी शौचालय के बाहर कुछ दूरी पर खड़ी होकर अपनी मां का इंतजार करने लगी। वही पहले से घात लगाए बैठे प्रमोद व अतुल कुमार ने किशोरी को दबोच कर जबरन पास के खाली पड़े मकान में लेकर चले गए। दोनों युवकों ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। वहीं मामले की जानकारी होने पर पीड़ित किशोरी के पिता ने पढ़ुआ थाना में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं मामले की जानकारी के लिए जब क्षेत्राधिकारी निघासन को फोन किया गया तो उनका फोन नही उठा।

### घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ व मारपीट

लखनऊ। लखनऊ के मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ व मारपीट करने का मामला सामने आया हैं। पीड़िता का आरोप है कि स्थानीय पुलिस से शिकायत करने पर कोई कार्रवाई नहीं हुई जिसके बाद उसने डीसीपी साउथ ऑफिस पहुंचकर डीसीपी से लिखित शिकायत करी। डीसीपी के आदेश पर मोहनलालगंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मारपीट और छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। मिली जानकारी के मुताबिक,मोहनलालगंज इलाके के एक गांव में रहने वाली महिला ने पुलिस से लिखित शिकायत दर्ज करवाते हुए बताया कि बीती 3अप्रैल की शाम करीब साढ़े सात बजे अपने घर के आंगन में अकेली बर्तनों को धो रही थी, तभी गांव में रहने वाला दिलीप नशे में धुत होकर उसके पास आया और गाली-गलौज करने लगा। महिला के विरोध करने पर युवक ने गलत नियत से उसके गालों को नोच लिया और काटने दौड़ा।

# मुरादाबाद में पूर्व विधायक की बेटी से रेप

## आरोपी सपा नेता ने ब्लैकमेलिंग कर 6 करोड़ वसूले



मुरादाबाद। मुरादाबाद में सपा के पूर्व विधायक की बेटी के साथ सपा नेता ने रेप किया। ब्लैकमेल कर 5 साल दरिंदगी की। फोटो डिलीट करने के लिए महिला से 6 करोड़ रुपए वसूले, लेकिन डिलीट नहीं किया। अब महिला पर तेजाब फेंकने की धमकी दे रहा। परेशान होकर 30 साल की महिला ने पूरी बात पति को बताई। मंगलवार रात महिला ने सिविल लाइन थाने में एफआईआर दर्ज कराई। महिला का पति कानपुर में बड़ा बिजनेसमैन है। आरोपी सपा नेता आसिफ अली युवजन सभा का पूर्व प्रदेश सचिव रह चुका है। फिलहाल, पुलिस ने आरोपी और उसके भाई समेत 4 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। मुरादाबाद एसएसपी हेमराज मीणा ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

### पिता 2 बार विधायक रहे, दादा बड़े पद पर थे

पीड़िता मुरादाबाद के सिविल लाइन्स एरिया में रहती है। उसके पिता पड़ोस के जिले में एक विधानसभा सीट से 2 बार विधायक रहे, जबकि दादा नेहरू सरकार में संसद में एक अहम अधिकारी रह चुके हैं। पीड़िता का कोई भाई नहीं है। 3 बहनें हैं। पीड़िता की शादी 11 साल पहले कानपुर के एक बिजनेसमैन के साथ हुई थी। इस शादी में मुलायम सिंह समेत कई सियासी हस्तियां शामिल हुई थीं। पीड़िता के पिता की 1 साल पहले मौत हो चुकी है। बेटा नहीं होने की वजह से उनकी संपत्ति पर बेटियों का ही मालिकाना हक है। पीड़िता भी इसमें शामिल है।

### नहर में मिला शव


बहराइच। उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के खैरीघाट क्षेत्र में बुधवार को बेलहा बेहरौली तटबंध के निकट नहर में एक अज्ञात युवक का दो-तीन पुराना शव बरामद हुआ है। पुलिस सूत्रों के अनुसार खैरीघाट थाना क्षेत्र के बेलहा बेहरौली तटबंध इमामगंज सरयू नहर पर बना हुआ है। नहर में पूसूपुरवा गांव के निकट एक अज्ञात व्यक्ति का शव लोगों ने देखा। शव पर कपड़े नहीं थे। इसकी सूचना लोगों ने थाने को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने चौकी इंचार्ज शिवपुर राकेश कुमार यादव, उप निरीक्षक राम प्रवेश यादव की टीम को मौके पर भेजा। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। इसके बाद आसपास के लोगों से पहचान करवाई लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी।

# लखनऊ में रिटायर्ड कर्मी से 29 लाख की ठगी




लखनऊ। लखनऊ में रिटायर्ड कर्मचारी से 29 लाख रुपए की ठगी की गई। पहले पुलिस और फिर सीबीआई अफसर बनकर आरोपियों ने कॉल किया। कहा कि आप पर मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज है। सुप्रीम कोर्ट ने आपके अकाउंट की ऑडिट करने के आदेश दिए हैं। अकाउंट की डिटेल दीजिएगा, नहीं तो पूरा परिवार जेल जाएगा। साइबर ठगों ने रिटायर्ड कर्मचारी को इतना डरा दिया कि उन्हें कुछ समझ नहीं आया। उन्होंने परिवार में किसी को इसकी जानकारी नहीं दी। आरोपियों ने 17 से 30 अप्रैल यानी 13 दिन में 5 से 7 बार में उनसे 29 लाख रुपए की अलग-अलग बैंक खाते में ट्रांसफर कराए। पीड़ित कर्मचारी का नाम विनय कटियार है। वह अलीगंज के सेक्टर-डी में रहते हैं। जब उन्हें ठगी का अंदेशा हुआ तो 7 मई को उन्होंने अलीगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया। लखनऊ में इससे पहले केजीएमयू की महिला डॉक्टर को साइबर अरेस्ट करके 85 लाख वसूल किए थे।

# अग्निवीर को चार साल मगर नेतावीरों के लिये 80 साल भी कम



बाराबंकी। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के प्रवक्ता राकेश टिकैत ने केंद्र सरकार की अग्निवीर योजना पर तंज कसते हुये कहा कि देश की सरहद की सुरक्षा करने वाले अग्निवीरों को सिर्फ चार साल अपनी योग्यता दिखाने के लिये मिलते हैं वहीं दूसरी ओर नेतावीर 80 साल की उम्र में भी न सिर्फ चुनाव लड़ सकते हैं बल्कि पेंशन और अन्य सुविधाओं का भी लाभ उठाते हैं।

किसान नेता मुकेश सिंह की पांचवी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने के बाद राकेश टिकैत ने पत्रकारों से बातचीच में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज किसानों की आय तो दोगुनी नहीं हुई, लेकिन महंगाई जरूर दोगुनी हो गई है।

राजा का काम है बहकाना। ठीक उसी तरह प्रधानमंत्री मोदी ने भी जनता को बहकाने का काम किया। राजा के बहकावे में जनता भी आ गई।

उन्होंने अग्निवीर योजना की आलोचना करते हुए कहा कि आज अग्निवीर चार साल और नेतावीर 80 साल तक सत्ता में रहते हैं और बाद मैं उनको पेंशन भी मिलती है जबकि अग्निवीर को चार साल बाद निकाल दिया जाता है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में किसानों के कर्जा माफ करने के वादे को लेकर राकेश टिकैत ने कहा कि सभी राजनीतिक दलों ने किसानों के मुद्दे को अपने घोषणा पत्र में शामिल किया है। किसानों के मुद्दे सभी राजनीतिक दलों की मजबूरी है। क्योंकि जिसकी भी सरकार आएगी, उसे कर्जा माफी के साथ-साथ एमएसपी गारंटी कानून जैसे मुद्दों को छूना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि 2014 में कहकर आये कि यह सरकार भारतीय जनता पार्टी की है। लेकिन यह सरकार बीजेपी की नहीं है। अगर यह सरकार किसी राजनीतिक दल की होती तो काम जरूर करती। यह सरकार पूंजीपतियों का गैंग है। पूंजीपतियों ने पहले भाजपा पर कब्जा किया। फिर भाजपा ने देश पर कब्जा कर लिया। इसलिये यह सरकार भाजपा की नहीं बल्कि पूंजीपतियों की है।

### बहन को धमकी दी तो भाई ने की हत्या

हमीरपुर। हमीरपुर में 29 अप्रैल को 22 वर्षीय एक युवक का शव जंगल में मिला था। तीन दिन से लापता चल रहे युवक का शव मिलने पर परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने बताया कि युवक हत्यारोपी की बहन की आपत्तिजनक फोटो वायरल करने की धमकी दे रहा था। इसी बात को लेकर भाई ने इस हत्याकांड को अंजाम दिया था। पूरा मामला जलालपुर थाना क्षेत्र के ममना गांव का है। यहां तीन दिन से लापता 22 वर्षीय युवक सचिन का शव गांव के बाहर जंगल में मिला था। मृतक के भाई अजय ने आरोप लगाया था की उसके भाई की फांसी लगाकर हत्या की गई है। पुलिस ने जब इस मामले की जांच पड़ताल की तो पता चला की मृतक के मोबाइल में गांव की ही एक युवती का आपत्तिजनक फोटो था, जिसे वायरल करने की वह धमकी दे रहा था। इसी को लेकर युवती के भाई ने उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने हत्यारोपी भाई सतीश को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने सोशल मीडिया सेल के माध्यम से बताया की यह हत्या गला घोंटकर की गई थी। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।

# ग्रामीणों को पानी टंकी से नहीं मिल रहा पीने के लिए पानी

विशाल इंडिया/ब्यूरो



सीतापुर। जिले की विकासखंड महमूदाबाद की एक ग्राम पंचायत में जल निगम द्वारा ग्रामीणों को शुद्ध स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने हेतु लाखों की कीमत से बनवाई गई पानी की टंकी से ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।वहीं जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते पानी की टंकी से किसान अपने खेतों की सिंचाई कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार जिले के विकास खण्ड महमूदाबाद की ग्राम पंचायत सोहरिया गांव में जल निगम द्वारा ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए लाखों की लागत लगाकर पानी की टंकी बनवाई गई। जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते पानी की टंकी से ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल तो नहीं उपलब्ध हो पा रहा है अपितु किसान लोग पानी की टंकी से अपने खेतों की सिंचाई अवश्य कर रहे हैं।

कई ग्रामीणों ने बताया कि सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लापरवाही के चलते अभी तक जल निगम द्वारा बनवाई गई पानी की टंकी से ग्रामीणों को पीने के लिए पानी नहीं मिला है। हां खेतों की सिंचाई किसानों द्वारा अवश्य की जा रही है। यदि जल निगम के जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी इस पानी की टंकी पर थोड़ा सा भी ध्यान दे दें, तो यहां के ग्रामीणों को पीने के लिए पानी मिलने लगेगा।

पानी टंकी में कार्य कर रहे लोगों ने उदित कुमार यादव का नंबर देते हुए बताया कि इस मामले में इनसे बात कर लो। हम लोग इस मामले में कुछ नहीं जानते। हम लोग लेवर है पानी टंकी में अधूरे पड़े कार्य को कर रहे हैं। जब उदित कुमार यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मैं अभी बाहर हूं।कुछ देर बाद मौके पर पहुंच कर देख रहा हूं।

मामले को लेकर जब जल निगम के अवर अभियंता सौरभ सिंह से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि जानकारी मिली है।मामले में जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जायेगी। बहुत शीघ्र ग्रामीणों को पेयजल की सुविधा उपलब्ध करा दी जाएगी।

## तीन साल के बेटे ने वीडियो कॉल पर पापा से गुडबाय नहीं बोला तो मां ने गोली मार दी

टेक्सास। एक सरफिरी महिला ने अपने ही तीन साल के मासूम की गोली मारकर हत्या कर दी। बेटे का दोष सिर्फ इतना था कि उसने पापा से वीडियो कॉल पर गुडबाय नहीं बोला था। इससे गुस्साई महिला ने खुद को भी गोली मारी और जान दे दी। 32 साल की सावन्ना क्रिगर और उसके बेटे काइदन का शव पार्क में 19 मार्च को मिला था। मामला अमेरिका के टेक्सास का है। पुलिस इनके शव मिलने के बाद से इस मामले की जांच में जुटी थी। घटना से ठीक पहले क्या हुआ, अब इस बारे में पता चला है। वहीं पूर्व पति को घटना से पहले किए 21 सेकंड के वीडियो कॉल में वो अपने बेटे के साथ दिखाई दी। इसी जगह पर बाद में इनके शव मिले। वीडियो में वो अपने बेटे से माफी मांगती है क्योंकि उसका पिता उसके पास नहीं था। फिर वो उसे किस करती है. वीडियो में दोनों मरते हुए नहीं दिखे लेकिन इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि क्या कुछ हुआ था। घटना से पहले उसने आखिरी चीज जो इंटरनेट पर सर्च की, वो था बच्चों के कार्टून. दोनों मां बेटे के शव 19 घंटे तक पार्क में पड़े रहे थे। अधिकारियों का कहना है कि बेटे को मारने और खुद आत्महत्या करने से पहले क्रिगर ने अपने पूर्व पति के घर में तोड़फोड़ की। शादी की पुरानी तस्वीरों की तरफ गोली चलाई। फिर पूर्व पति को कई बार वीडियो कॉल और मैसेज करके धमकाया। रिपोर्ट के अनुसार, इसके बाद उसने अपने बेटे को डे केयर से पिक किया और पूर्व पति को फिर से मैसेज किए। उसने मैसेज में लिखा, अब तुम्हारे पास घर जाने के लिए कुछ भी नहीं है। तुम्हारे पास कुछ नहीं है।



## सर्बिया की राजकीय यात्रा पर बेलग्रेड पहुंचे जिनपिंग

बेलग्रेड । चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग सर्बिया के राजकीय दौरे पर हैं। श्री जिनपिंग सर्बिया की राजधानी बेलग्रेड पहुंचे। देश के हवाई क्षेत्र में प्रवेश के बाद सर्बियाई वायु सेना ने श्री जिनपिंग के विमान की सुरक्षा के लिए दो लड़ाकू विमान भेजे। सर्बियाई राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक और उनकी पत्नी तमारा वुसिक ने चीनी राष्ट्रपति का स्वागत किया। सर्बियाई बच्चों ने श्री जिनपिंग और उनकी पत्नी पेंग लियुआन को फूल भेंटकर चीन तथा सर्बिया के राष्ट्रीय झंडे लहराए। राष्ट्रीय वेशभूषा पहने सर्बियाई लोगों ने उनका स्वागत करने के लिए गाना गाया और नृत्य किया।

## तूफान से पांच लोगों की मौत...मरने वालों का कुल आंकड़ा 90 पहुंचा

साओ पाउलो । दक्षिण ब्राजील के रियो ग्रांडे डो सुल राज्य में पिछले 24 घंटों में तूफान से पांच लोगों की मौत हुई है। जिसके बाद प्रांत में बारिश और बाढ़ के कारण मरने वालों की संख्या 90 हो गई है। राज्य की नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने यह जानकारी दी। उरुग्वे और अर्जेंटीना की सीमा से लगे राज्य में रिकॉर्ड बारिश, बाढ़ और भूस्खलन के कारण 132 लोग लापता हुए हैं और 361 घायल हुए हैं। पिछले आठ दिनों में 2,00,000 से अधिक निवासियों को घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा है। राजधानी पोर्टो एलेग्रे सहित राज्य के 497 शहरों में से 388 में 14 लाख से अधिक लोग आपदा से प्रभावित हुए हैं। शहर की 85 प्रतिशत से अधिक आबादी को पीने योग्य पानी नहीं मिल पा रहा है। राज्य भर में कक्षाएं निलंबित कर दी गई हैं, क्योंकि 790 स्कूल बाढ़ से प्रभावित हुए हैं, 388 को नुकसान हुआ है और अन्य 52 स्कूल निकाले गए लोगों को आश्रय दे रहे हैं।

## जेलेंस्की की हत्या की रुसी साजिश की कोशिश नाकाम

कीव । यूक्रेनी खुफिया रोधी जांचकर्ताओं ने राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और अन्य शीर्ष सैन्य और राजनीतिक हस्तियों की हत्या करने की रूसी साजिश को नाकाम कर दिया है। यूक्रेन की राज्य सुरक्षा सेवा ने यह दावा किया। बयान में कहा गया है कि शीर्ष अधिकारियों की सुरक्षा करने वाले यूक्रेन के स्टेट गार्ड के दो कर्नल को रूस की संघीय सुरक्षा सेवा द्वारा तैयार की गई साजिश को अंजाम देने की कोशिश करने के संदेह में हिरासत में लिया गया है। बयान के मुताबिक, फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद इन संदिग्ध अधिकारियों की भर्ती हुई थी। विज्ञप्ति में राज्य सुरक्षा सेवा के प्रमुख वासिल मलियुक के हवाले से कहा गया है कि पांचवें कार्यकाल के लिए रूसी राष्ट्रपति पुतिन के शपथ से पहले इस हमले को अंजाम देने की साजिश रची गई थी। मलियुक ने कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से साजिश से जुड़े तथ्यों की जांच के लिए शीर्ष स्तर पर गुप्त ऑपरेशन का निरीक्षण कर रहे हैं।

## म्यांमार में बिजली गिरने की घटनाओं में 73 लोगों की मौत

यांगून । म्यांमार के आपदा प्रबंधन विभाग की रिपोर्ट में बताया गया है, इस साल 31 मार्च को समाप्त 12 महीने में देश में बिजली गिरने की घटनाओं में कुल 73 लोगों की मौत हुई है। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि म्यांमार में पिछले साल 1 अप्रैल से इस साल 31 मार्च तक बिजली गिरने की कुल 67 घटनाएं हुईं। इसमें 73 लोगों की मौत हो गई और 27 अन्य घायल हुए। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश भर में बिजली गिरने से होने वाली मौतों की संख्या इस अवधि के दौरान तेज हवाओं के कारण होने वाली मौतों से अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश का आपदा प्रबंधन विभाग बिजली गिरने से होने वाली मौतों की संख्या को कम करने के लिए लोगों में सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ा रहा है।

## सेना वापसी पर तनाव के बीच क्या कम हुई मालदीव की अकड़, विदेश मंत्री मूसा जमीर एस जयशंकर से करेंगे मुलाकात



नई दिल्ली। मालदीव से भारतीय सैन्य कर्मियों की वापसी की समय सीमा 10 मई को समाप्त हो रही है, राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के नेतृत्व वाली मालदीव सरकार 9 मई को पहली उच्च स्तरीय मंत्रिस्तरीय यात्रा के लिए अपने विदेश मंत्री को भेज रही है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को घोषणा की कि मालदीव के विदेश मंत्री मूसा ज़मीर गुरुवार को आधिकारिक यात्रा पर भारत आएंगे। इसमें कहा गया है कि नई दिल्ली की अपनी यात्रा के दौरान विदेश मंत्री जमीर आपसी हित के द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा के लिए विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात करेंगे। नवंबर 2023 में सत्ता में आने के तुरंत बाद, मुइज्जू, जिन्हें चीन समर्थक के रूप में देखा जाता है, ने भारत से द्वीप देश से अपने सैन्य कर्मियों को वापस लेने के लिए कहा था। मुइज्जू ने राष्ट्रपति चुनाव में 'इंडिया आउट' मुद्दे पर मौजूदा इब्राहिम मोहम्मद सोलिह को हराया था। इस साल फरवरी में, दोनों देश इस बात पर सहमत हुए थे कि भारत 10 मार्च से 10 मई के बीच मालदीव में तैनात अपने सभी 80 सैन्य कर्मियों को वापस बुला लेगा। पिछले तीन महीनों में दो टीमें पहले ही वापस आ चुकी हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा था कि मालदीव में दो हेलीकॉप्टर और एक डोर्नियर विमान का संचालन 'सक्षम भारतीय तकनीकी कर्मियों' द्वारा किया जाएगा जो 'वर्तमान कर्मियों' की जगह लेंगे। ज़मीर, जिनके पास दोनों देशों के बीच मतभेदों को दूर करने का चुनौतीपूर्ण काम होगा, भारत में चुनावी मौसम के बीच दिल्ली आ रहे हैं।



मास्को में रुस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन क्रेमलिन में पैटरियाच क्रिल के साथ एनूसिएशन कैथड्रल में प्रार्थना सभा में शामिल हुए।

## पूर्व पीएम नवाज शरीफ के मामले में 4 जून को सुनवाई

कराची । पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) प्रमुख नवाज शरीफ ने तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में बरी करने के लिए इस्लामाबाद की एक जवाबदेही अदालत में याचिका दायर की। खबर के अनुसार, शरीफ के वकील राणा मुहम्मद आरिफ खान ने मामले में याचिका दायर की। राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) की ओर से पेश हुए अभियोजक ने अदालत में कहा कि वह आवेदन को एनएबी मुख्यालय भेज देगा। अदालत ने शरीफ की याचिका पर नोटिस जारी कर सुनवाई तीन जून तक के लिए स्थगित कर दी। इस महीने की शुरुआत में, एनएबी ने तोशाखाना से एक लक्जरी वाहन खरीदने से संबंधित मामले में 74 वर्षीय शरीफ को क्लीन चिट दे दी थी। भ्रष्टाचार रोधी इकाई ने एक रिपोर्ट सौंपी जिसमें कहा गया कि उच्चतम न्यायालयने शरीफ से जुड़े एक कथित फर्जी अकाउंट की जांच के निर्देश दिए थे। उसने कहा कि पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) नेता ने तोशाखाना से प्राप्त वाहन के भुगतान के लिए कथित खाते से धन का उपयोग नहीं किया गया। रिपोर्ट में कहा गया कि सऊदी अरब द्वारा तत्कालीन प्रधानमंत्री को उपहार में दिया गया वाहन 1997 में तोशाखाना से हटा दिया गया था। इसने स्पष्ट किया कि 2008 में जब इसे नवाज द्वारा खरीदा गया था, तो वह तोशाखाना के स्वामित्व में नहीं था बल्कि संघीय परिवहन पूल के स्वामित्व में था। इस मामले में राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और पूर्व प्रधानमंत्री यूसुफ रजा गिलानी भी आरोपी हैं। हालांकि, जरदारी को राष्ट्रपति पद के चलते छूट प्राप्त है और इस पद पर रहने के दौरान उन पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता।

# एस्ट्राजेनेका कंपनी ने कोरोना वैक्सीन वापस लेने का लिया फैसला

### – भारत में भी इस कंपनी की करोड़ों लोगों को लगी है वैक्सीन

**लंदन (एजेंसी)।** कोरोना वैक्सीन को लेकर पूरी दुनिया में हाहाकार मचा हुआ है। वैक्सीनी को लेकर उठे विवाद के बीच दवा निर्माता कंपनी एस्ट्राजेनेका ने अपनी कोरोना वैक्सीन को वापस लेनी शुरू कर दी है। कंपनी ने कहा है कि यूरोपीय यूनियन के देशों से अपनी कोरोना वैक्सीन वैक्सजेवरिया को वापस ले रही है।




एक रिपोर्ट के मुताबिक आने वाले दिनों में ब्रिटेन और दूसरे देशों में भी वैक्सीन को वापस लेने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। कंपनी ने यह फैसला ऐसे समय लिया जब फरवरी में उसने ब्रिटेन की कोर्ट में वैक्सीन के चलते गंभीर बीमारी होने की बात स्वीकार की है। हालांकि, एस्ट्राजेनेका ने वैक्सीन को वापस लेने के पीछे व्यावसायिक कारणों को वजह बताया है। भारत में भी एस्ट्राजेनेका की वैक्सीन करोड़ों लोगों को लगी है। कोरोना वैक्सीन को लेकर भारत में भी यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है।

एस्ट्राजेनेका ने वैक्सीन वापस लेने पर कहा कि यह फैसला इसलिए किया है क्योंकि अब कई प्रकार के नए टीके उपलब्ध हैं जिन्हें कोविड-19 वेरिएंट को लक्षित करने के लिए तैयार किया है। इसमें कहा गया है कि अब वैक्सीन का निर्माण या आपूर्ति नहीं की जा रही है, इसकी जगह नए वेरिएंट से निपटने वाले अपडेटेड टीकों ने ले ली है। भले कंपनी विवाद टीके को वापस लेने को महज संयोग बता रही है लेकिन इसकी कोरोना वैक्सीन गहन जांच के दायरे में है।

कंपनी के खिलाफ ब्रिटेन की कोर्ट में मामला दायर किया गया है, जिसमें कहा गया है कि इस कंपनी की कोरोना वैक्सीन खून में थक्का जमने और खून में कम प्लेटलेट की वजह बनती है। एक रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिटेन में कथित तौर पर इस टीके को लगवाने के बाद 81 लोगों की मौत हुई है, जबकि सैकड़ों लोग को गंभीर साइड इफेक्ट हुए हैं। कंपनी ने अदालत में दस्तावेज जमा किए जाने के बाद 5 मार्च को यूरोपीय यूनियन में वैक्सीन को वापस लेने के लिए आवेदन किया था, जो 7 मई से प्रभावी हुआ है।

## पाकिस्तान में टारगेटेट हत्याओं के पीछे भारत का हाथ!

### – आईएसपीआर के डीजी मेजर जनरल चौधरी ने लगाया आरोप




**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** आईएसपीआर के डीजी मेजर जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा कि हाल में हुई टारगेटेड हत्याओं में पाकिस्तान के पास भारत के शामिल होने के पक्के सबूत हैं। चौधरी ने रावलपिंडी में जनरल मुख्यालय में मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि भारत की हत्या का सिलसिला अब कई देशों में फैल गया है। दूसरे देश में सिख नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से लेकर, भारत पाकिस्तान में लोगों की हत्याओं में शामिल रहा है।

मेजर जनरल ने कहा कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियां सीमा पर आक्रामकता दिखाकर और साथ ही पाकिस्तान विरोधी चुनावी कहानी बनाकर अपने आंतरिक मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने की भारत की योजना से वाकिफ हैं। उन्होंने दावा किया कि मौजूदा लोकसभा चुनावों के दौरान जम्मू-कश्मीर में लोगों की राय को दबाने की भारत की योजना भी साफ नजर आती है। उन्होंने कहा कि पांच दिनों में पांच सीटों के चुनाव का उद्देश्य केवल कश्मीरियों की आवाज को दबाना और चुनाव परिणाम में हेरफेर करना है।

अफगानिस्तान और पाकिस्तान की सुरक्षा के सवाल पर चौधरी ने कहा कि अफगानिस्तान में तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ एक आरोप पत्र जारी किया। इसमें दावा किया गया कि देश में 90 फीसदी से ज्यादा आतंकवादी हमलों को अफगानिस्तान द्वारा बढ़ावा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को अफगानिस्तान सहयोग, सुविधा प्रदान करता है। अफगान नागरिक पाकिस्तान में आतंकी हमलों को अंजाम दे रहे हैं। हमने कई अफगान आतंकवादियों को मार गिराया है।

उन्होंने कहा कि बेशाम में चीनी इंजीनियरों पर हमले में एक आत्मघाती अफगानी हमलावर शामिल था। हमले में पांच चीनी नागरिकों और एक पाकिस्तानी नागरिक की मौत हो गई थी। हमले में शामिल वाहन भी अफगानिस्तान में तैयार किया गया था। उन्होंने यह भी कहा कि ग्वादर और बलूचिस्तान के अन्य हिस्सों में हुए हमलों में अफगान नागरिक और बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के आतंकी शामिल थे। उन्होंने कहा कि ऐसे समूहों के साथ कोई बातचीत नहीं हो सकती, जो देश की अखंडता और सुरक्षा के लिए खतरा हैं।

## आपराधिक, अलगाववादी तत्वों को सुरक्षित पनाह देना बंद करें, कनाडा पर सख्त हुआ भारत

लंदन। कनाडा में खालिस्तान समर्थक रैली में भारतीय प्रधानमंत्री का पुतला दिखाए जाने के कुछ दिनों बाद भारत ने मंगलवार को कनाडाई सरकार से आपराधिक और अलगाववादी तत्वों को सुरक्षित आश्रय और राजनीतिक स्थान प्रदान करना बंद करने का आह्वान किया। कनाडाई पुलिस ने सप्ताहांत में कहा था कि उन्होंने हत्या के आरोप में तीन भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने मंगलवार को कनाडा के माल्टन में नगर कीर्तन परेड में झांकियों के संबंध में मीडिया के सवालों के जवाब में कहा कि जैसा कि आप जानते हैं, हमने बार-बार इस्तेमाल की जा रही हिंसक छवियों के बारे में अपनी मजबूत चिंताओं को उठाया है।' कनाडा में चरमपंथी तत्व हमारे राजनीतिक नेतृत्व के खिलाफ हैं। पिछले साल, एक जुलूस में हमारे पूर्व प्रधान मंत्री की हत्या को दर्शाती एक झांकी का इस्तेमाल किया गया था। पूरे कनाडा में भारतीय राजनयिकों के खिलाफ हिंसा की धमकी वाले पोस्टर भी लगाए गए हैं। प्रवक्ता ने कहा कि हिंसा का जश्न मनाना और उसका महिमामंडन करना किसी भी सभ्य समाज का हिस्सा नहीं होना चाहिए. लोकतांत्रिक देश जो कानून के शासन का सम्मान करते हैं, उन्हें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर कट्टरपंथी तत्वों को डराने-धमकाने की अनुमति नहीं देनी चाहिए।

## चीन का मून मिशन चांगई 6 चंद्रमा के ऑर्बिट में पहुंचा

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन का यह मिशन 8 मई 2024 को चंद्रमा के ऑर्बिट में पहुंच गया है। इसका लैंडर 1 जून 2024 को ऑर्बिटर से अलग होगा। 2 जून 2024 को सैंपल जमा करेगा। 4 जून 2024 को चांद की सतह से एसेंट व्हीकल उड़ान भरेगा। 6 जून को यह एसेंट व्हीकल ऑर्बिटल सर्विस मॉड्यूल तक पहुंचेगा। फिर यह मॉड्यूल 25 जून को वापस धरती पर पहुंचेगा। लेकिन यह सीक्रेट रोवर रोबोट क्या करेगा? क्योंकि इस मिशन का मुख्य पेलोड तब इसका लैंडर है, जो चांद की सतह पर उतरेगा। चीन ने चांद पर अपने मून मिशन चांगई 6 के साथ फ्रांस, स्वीडन, इटली और पाकिस्तान के पेलोड्स को भी भेजा है। जिनके बारे में कुछ बताया नहीं गया है। इसके अलावा एक अतिरिक्त पेलोड भी है। इस सीक्रेट रोवर कह रहे हैं।

यह मिनी रोबोटिक रोवर चांद की सतह से निकलने वाले रेडिएशन की स्टडी करेगा। ताकि वह मौजूद पत्थरों, मिट्टी, रिगोलिथ और सतह की जांच कर सके। इसकी मदद से पानी की खोज भी की जा सकती है। दिक्कत ये है कि इस रोवर को स्पेसक्राफ्ट के बाहर क्यों अटैच किया गया है। यह कैसे जमीन पर उतरेगा, उसका खुलासा भी नहीं किया गया है। यह रोवर वाई-फाई या ब्लूटूथ के जरिए लैंडर से संपर्क में रहेगा। लेकिन यह मिशन बेहद छोटे समय के लिए है। इसलिए यह सीक्रेट रोवर ज्यादा समय तक चांद की सतह पर समय नहीं बिता पाएगा। इसका काम और मकसद भी छोटा ही होगा। हमारी आंखों से चंद्रमा का सिर्फ एक ही हिस्सा दिखता है। इस नीयर साइड कहते हैं। लेकिन इसके पिछले हिस्से को डार्क या फार साइड कहते हैं। क्योंकि यह हमारी नजरों से नहीं दिखता।

## एडल्ट स्टार स्टॉर्मी की गवाही, कमरे से बाहर जाने की कोशिश की लेकिन ट्रंप ने रोक लिया

### – ट्रंप ने डेनियल के साथ यौन संबंध बनने की बात से इंकार किया



**वाशिंगटन (एजेंसी)।** एडल्ट स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ गुप्त धन मामले में गवाही दी। पोर्न स्टार ने 2006 में अमेरिका के लेक ताहो के होटल के सुइट में उनके कथित यौन संबंध और उन्हें मिले पैसे के बारे में विस्तार से बताया। डेनियल्स ने ट्रम्प के साथ अपनी शाम के बारे में बताकर कहा कि जब वह बाथरूम का उपयोग करने गई थी, तब उसने अपने टॉयलेटरी बैग को देखा, जिसमें ओल्ड स्पाइस और पर्ट प्लस की वस्तुएं पड़ी हुई थीं।

डेनियल्स ने बताया कि पहली बार ट्रम्प से 2006 लेक ताहो सेलिब्रिटी गोल्फ आउटिंग पर मिली थीं और बातचीत की थी। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने उन्हें अपने आलीशान होटल के सुइट में डिनर के लिए आमंत्रित कर उन्हें स्मार्ट लेडी कहा था। डेनियल्स ने कहा कि ट्रम्प का निमंत्रण स्वीकार कर लिया क्योंकि वह अपने सहकर्मियों के साथ डिनर से बचना चाहती थी। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने अपने सिक्योरिटी गार्ड से उनका नंबर लिया था। डेनियल्स ने कहा कि जब उन्होंने ट्रम्प को पहली बार देखा तब उन्होंने सिल्क पायजामा पहना हुआ था, जब उन्होंने दरवाजा खोला, तब प्लेबॉय पत्रिका के संस्थापक ह्यू हेफनर के बारे में दोनों के बीच मजाक भी हुआ। डेनियल्स ने कहा कि उन्होंने ट्रम्प से चेंज करने के लिए कहा और उन्होंने बहुत विनम्रता से इस बात स्वीकार कर लिया। बातचीत के दौरान स्टॉर्मी बाथरूम गईं। इसके बाद ट्रम्प अपने कमरे में पहुंच गए। वे टी-शर्ट और शॉर्ट्स में थे। स्टॉर्मी ने कमरे से बाहर जाने की कोशिश भी की, लेकिन ट्रम्प ने उन्हें रोक लिया। इसके बाद दोनों के बीच शारीरिक संबंध बने।

डेनियल्स ने कहा कि ट्रम्प ने उनसे वयस्क उद्योग में उनके कार्यकाल के बारे में पूछताछ कर पूछा कि क्या उनका यौन संचारित रोगों (एसटीडी) के लिए परीक्षण किया गया है। डेनियल्स ने कहा कि ट्रंप की पत्नी मेलानिया के बारे में भी बात हुई। हालांकि ट्रम्प ने डेनियल के साथ यौन संबंध बनाने की बात से इनकार किया है।

# ब्रिटेन का लाल ग्रह पर जाने का इरादा, चल रही है तैयारी

### –स्पेस साइंटिस्ट ने 'मंगल ग्रह' का किया निर्माण

**लंदन (एजेंसी)।** अब ब्रिटेन अंतरिक्ष के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है, यहां कि अब तो मंगल ग्रह पर जाने की ही तैयारी है। यहां के स्पेस साइंटिस्ट ने स्टीवनेज में 'मंगल ग्रह' का निर्माण किया है। फ्रांसीसी एयरोस्पेस दिग्गज एयरबस ने अपने एक्सोमार्स रोवर का परीक्षण करने के लिए हर्टफोर्डशायर शहर में एक औद्योगिक संपत्ति पर 2.25 करोड़ किमी दूर ग्रह की सतह के जैसे हालात बनाने के लिए लाल रेत और चट्टानों का उपयोग किया है।

2028 में यान मंगल ग्रह पर पानी और संभावित जीवन के संकेत खोजने के मिशन पर रवाना होगा। एयरबस ने स्टीवनेज में रोवर का निर्माण किया है, जो यूके में अंतरिक्ष क्षेत्र में 3,500 लोगों को रोजगार देता है। कंपनी शीघ्र ही यूरोपीय स्पेस एजेंसी के साथ उस लैंडिंग मॉड्यूल के लिए थ्रस्टर्स बनाने के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर करेगी जिसकी आपूर्ति रूसियों को यूक्रेन पर आक्रमण करने से पहले करनी थी। इस बीच इसके प्रदर्शन को इसके विशेष रूप से निर्मित ब्रिटिश 'मार्स यार्ड' में तैयार किया जाएगा। एयरबस के एक्सप्लोरेशन रोवर्स प्रोग्राम मैनेजर क्रिस ड्रेपर ने कहा कि इसका अंतरिक्ष अभियान ÷यूके में हमारे लिए एक वास्तविक सफलता की कहानी÷ रहा है। उन्होंने कहा, ÷स्टीवनेज में रोवर का निर्माण करने के बाद अब हम लैंडर को डिजाइन करने का एक बड़ा हिस्सा होंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वह सुरक्षित रूप से नीचे उतर सके।÷ यह परियोजना एक संपन्न यूके अंतरिक्ष उद्योग का हिस्सा है जो 50,000 लोगों को रोजगार देता है और देश की धरती से एक भी रॉकेट लॉन्च किए बिना अर्थव्यवस्था में हर साल 18 खरब 34 अरब 56 करोड़ रूपये पंप करता है।

ब्रिटेन का कोई अंतरिक्ष कार्यक्रम नहीं है, लेकिन 2015 से इस क्षेत्र में दुनिया के निजी निवेश का 17 प्रतिशत प्राप्त हुआ है। यह अमेरिका के बाद दूसरा है। 2030 तक 100,000 उपग्रहों के कक्षा में स्थापित होने की उम्मीद के साथ, ब्रिटिश कंपनियां पृथ्वी के चारों ओर घूमते समय उनकी सेवा करने का विचार तलाश रही हैं। 2031 तक बाजार 11 खरब, 53 अरब 16 करोड़ रुपयों का होने की उम्मीद है। बता दें कि एक समय था पृथ्वी के लगभग अधिकांश देशों पर अंग्रेजों का राज था। लेकिन पृथ्वी से बाहर जाने में अंग्रेजों कभी रुचि नहीं दिखाई। पर अब लगता है हालात बदल रहे हैं।



# पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत का सिलसिला बरकरार रखने उतरेगी आरसीबी

**मोहाली (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स की टीम आईपीएल में गुरुवार को अपने घरेलू मैदान पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) से मुकाबला करेगी। पंजाब की टीम इस मैच में जीत दर्ज करना चाहेगी हालांकि उसके लिए ये आसान नहीं रहेगा। इस कारण है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने शुरुआती असफलता के बाद लय हासिल करते हुए लगातार मैचों में जीत दर्ज की है। इससे टीम का उत्साह भी बढ़ा है। ऐसे में आरसीबी की टीम पंजाब किंग्स के खिलाफ अपनी जीत का सिलसिला बनाये रखना चाहेगी। उसने पिछले तीन मैचों जीत दर्ज की है जिससे उसका हौंसला बढ़ा है। अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के साथ ही कप्तान फाफ डु प्लेसिस भी अच्छे फार्म में आ गये हैं जिससे टीम बड़ा स्कोर बनाने में सफल रही है। टीम की गेंदबाजी भी अब लय में आ रही है।

आरसीबी के 11 मैच में आठ अंक हैं और अगर वह अपने बाकी बचे तीनों मैच जीत लेती है तो उसकी प्ले ऑफ में जगह बनाने की हल्की सी उम्मीदें बन जाएंगी। दूसरी ओर पंजाब किंग्स की स्थिति भी ऐसी ही है। टीम 11 मैच में आठ अंक के साथ आठवें स्थान पर है। सत्र के पहले मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत और पिछले तीन मुकाबले जीतने के बाद आरसीबी की टीम का मनोबल बढ़ा हुआ है।

विराट शीर्ष पर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं जबकि डुप्लेसी ने पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया है। वहीं विल जैक्स ने पिछले मैच में गुजरात टाइटंस के दौरान शतक लगाया कैमरन ग्रीन ने सनराइजर्स हैदराबाद के ऑलराउंड प्रदर्शन किया। टीम के गेंदबाज भी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।

उसके तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज अंतत~लय में लौट आए हैं। इसके अलावा यश दयाल और विजयकुमार विशाक ने भी टाइटंस के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था। वहीं पंजाब किंग्स को पिछले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था जिससे वह इस मैच में उतरते समय दबाव में रहेगी। आत्मविश्वास कम होगा।

पंजाब किंग्स ने गेंदबाजों ने जहां सुपरकिंग्स के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया।




वहीं उसक बल्लेबाज विफल रहे। पंजाब किंग्स के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी दिखी। टीम ने कोलकाता नाइट राइडर्स और सुपरकिंग्स को उन्हीं के मैदान पर हराकर और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ उन्होंने सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा किया पर वह घरेलू मैदान पर नाकाम रही है। उन्होंने अपने मुख्य घरेलू मैदान मुल्लांपुर में पांच में से सिर्फ एक मैच जीता। अब टीम किस भी प्रकार ये मैच जीतन चाहेगी। टीम की बल्लेबाजी जॉनी बेयरस्टो , लियाम लिविंगस्टोन के अलावा निचले क्रम के बल्लेबाजों शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा पर आधारित रहेगी। शशांक और आशुतोष ने इस सत्र में काफी प्रभावित किया है। उसकी गेंदबाजी की कमान अर्शदीप सिंह, हर्षल पटेल और स्पिनर राहुल चाहर संभालेंगे।

### टीम

**पंजाब किंग्स~** सैम कुरेन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, जॉनी बेयरस्टो, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व ताइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, कागिसो रबादा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर~** फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशाक, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, रीस टॉप्ली,हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरन ग्रीन, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्युसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।

# धोनी के निचले क्रम पर उतरने का कारण सामने आया



**मुम्बई (एजेंसी)।** आईपीएल के इस सत्र में चेन्नई सुपरकिंग्स के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज महेन्द्र सिंह धोनी के बल्लेबाजी के दौरान निचले क्रम पर आने की कई लोगों ने आलोचना की है पर अब उनके ऐसा करने का कारण सामने आया है। धोनी पैर की मांसपेशियों में दर्द से परेशान है और उन्हें दर्द निवारक दवाओं को लेकर उतरना पड़ा रहा है। इसके बाद भी उनके खेलने का कारण ये है कि बैकअप विकेटकीपर डेवोन कॉनवे चोटिल है। कॉनवे के अलावा भी टीम के कई और खिलाड़ी भी चोटिल होने के कारण बाहर हैं। ऐसे में धोनी के सामने खेलने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है। मांसपेशियों में दर्द के कारण उनकी दौड़ने की क्षमता भी कम हुई है। इसी कारण वह निचले क्रम पर बल्लेबाजी के लिए उतरे रहे हैं। उनका प्रयास बड़े शॉट लगाना है जिससे कम से कम दौड़ना पड़े। इसी लिए पंजाब किंग्स के खिलाफ हुए मैच में भी नौवें नंबर पर उतरे थे। धोनी की जगह तब मैदान पर शार्दुल ठाकुर मैदान पर उतरे। धोनी के इस फैसले के बाद कई पूर्व क्रिकेटरों ने उनकी आलोचना की थी।

वहीं सीएसके प्रबंधन के अनुसार उन्हें आराम की सलाह दी गयी है पर टीम हित में वह खेल रहे हैं। ऐसे में उनकी आलोचना करने वालों को ये बात समझनी चाहिये। इसी कारण वह बल्लेबाजी के दौरान विकेट के बीच दौड़ने से ज्यादा अपनी पावर हीटिंग स्किल्स को आजमा रहे हैं। चोटिल होने के कारण ही वह अभ्यास सत्र में भी नहीं दौड़ रहे। टीम में उनके रहने से नये कप्तान रुतुराज गायकवाड़ को भी मार्गदर्शन मिल रहा है। ऐसे में उन्हे जबरदस्ती आराम भी नहीं दिया जा सकता।

# बुमराह को अभी आराम देने का इरादा नहीं : पोलार्ड



**मुंबई (एजेंसी) ।** मुंबई इंडियंस की टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह शुरुआत से ही खेल रहे है। वहीं जिस प्रकार टीम के प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनाएं तकरीबन समाप्त हो गयी हैं। ऐसे में बुमराह को आराम दिये जाने की उम्मीदें जतायी जा रही थी पर टीम के बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड ने कहा कि अभी बुमराह को आराम नहीं दिया जाएगा। वहीं अगामी टी20 विश्व कप को देखते हुए बुमराह को आराम की अटकलें लगायी जा रहीं थीं। उसी को लेकर पोलार्ड ने कहा, 'हमने इस पर कोई बात नहीं की है। मुझे नहीं लगता कि यह मेरा काम है पर देखते हैं कि क्या होता है। हम सभी यहां पूरा आईपीएल खेलने के लिए हैं। उन्होंने कहा, 'हमारा लक्ष्य आईपीएल पूरा करना है। उसके बाद देखते हैं कि क्या होता है।

पोलार्ड ने कहा कि मेरा बल्लेबाजी कोच होने के कारण सबसे कठिन काम सूर्यकुमार जैसे बल्लेबाज से आक्रामक खेल पर नियंत्रण कराना है। उन्होंने कहा, 'वह स्वाभाविक तौर पर आक्रामक बल्लेबाज है। वह हर गेंद पर शॉट लगाना चाहता है। ऐसे में बल्लेबाजी कोच के लिए सबसे कठिन काम उसकी स्वाभाविक शैली पर नियंत्रण करना है हालांकि बहुत ज्यादा अंकुश की भ जरुरत नहीं है क्योंकि आजकल क्रिकेट में काफी इतने रन बन रहे हैं।

वहीं सहायक कोच सिमोन हेलमोट ने कहा कि सूर्यकुमार ने शानदार पारी खेलकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, 'वह अद्भुत क्रिकेटर है और विश्व कप में भी वह इसी प्रकार धमाकेदार प्रदर्शन करेगा। उसे गेंदबाजी करना काफी कठिन है क्योंकि उसके जैसा बल्लेबाज मिलना कठिन है।

# बांग्लादेश का सूपड़ा साफ करने उतरेगी भारतीय महिला टीम, हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में जीते चार मैच

**मुम्बई(एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम गुरुवार को जब सिलहट में पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बांग्लादेश का सामना करेगी तो उसका लक्ष्य मौसम से प्रभावित सीरीज में 5-0 से क्लीन स्वीप करना होगा। भारतीय गेंदबाजों ने अभी तक बल्लेबाजों की तुलना में अच्छा प्रदर्शन किया है हालांकि अभी तक जो चार मैच खेले गए हैं उनमें से दो मैचों में बारिश के कारण ओवरों की संख्या कम कर दी गई थी। दूसरे मैच में भारतीय टीम को 5.2 ओवर में केवल 29 रन का लक्ष्य हासिल करना था। इस तरह से बल्लेबाजों को अभी तक कम मौका मिला है।

वहीं भारत की तरफ से अभी तक केवल एक अर्धशतक शेफाली वर्मा (51) ने पहले मैच में लगाया था। स्मृति मंधाना का उच्चतम स्कोर 47 जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर का 39 रन है। यह प्रदर्शन टीम के बल्लेबाजी प्रदर्शन को अच्छी तरह से प्रदर्शित नहीं करता है विशेषकर तब जबकि अक्टूबर में महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी बांग्लादेश को करनी है। स्मृति और हरमनप्रीत गुरुवार को मौके का पूरा फायदा उठाकर बड़ा स्कोर बनाना चाहेंगे। हरमनप्रीत ने चौथे मैच में 26 गेंद पर 39 रन बनाए थे और वह उसी लय को बरकरार रखने की कोशिश



करेगी। खराब मौसम के कारण यह मैच 14 ओवर का कर दिया गया था तथा भारत ने इस मैच में डकवर्थ लुईस पद्धति से 56 रन से जीत दर्ज की थी। शेफाली के प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रही है हालांकि उन्होंने सीरीज में अभी तक भारत की तरफ से सर्वाधिक 84 रन बनाए हैं। उनके बाद स्मृति (83) और हरमनप्रीत (75) का नंबर आता है। बांग्लादेश की कप्तान निगार सुल्ताना भी पहले मैच में अर्धशतक लगाने के बाद अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई हैं। उन्होंने चार मैच में अभी तक 86 रन बनाए हैं।

वहीं बांग्लादेश की टीम उनसे बड़े स्कोर की उम्मीद कर रही है। भारतीय गेंदबाजों के सामने हालांकि उन्हें कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा जिन्होंने धीमी पिचों पर अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। भारत की तरफ से बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव ने सर्वाधिक सात विकेट लिए हैं। उन्हें तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर (5 विकेट) और रेणुका सिंह (4) तथा ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल (4) का अच्छा सहयोग मिला है। अनुभवी स्पिनर दीप्ति शर्मा ने भी 5 विकेट हासिल किए हैं। बांग्लादेश ने भारत के खिलाफ आखिरी टी20 मैच 2023 में मीरपुर में जीता था। सुल्ताना उस मैच का हिस्सा थी।

### टीम इस प्रकार हैं

**भारत~** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, दयालन हेमलता, दीप्ति शर्मा, एस सजना, शेफाली वर्मा, श्रेयंका पाटिल, अमनजोत कौर, पूजा वस्त्राकर, आशा सोभना, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष, राधा यादव, रेणुका सिंह ठाकुर , तितास साधु, सैका इशाक।

**बांग्लादेश~** निगार सुल्ताना (कप्तान और विकेटकीपर), मुर्शिदा खातून, रुब्या हैदर, शोभना मोस्तरी, शोर्ना अख्तर, शोरिफा खातून, दिलारा अख्तर, नाहिदा अख्तर, सुल्ताना खातून, रितु मोनी, राबेया खान, फाहिमा खातून, मारुफा अख्तर, फरिहा त्रिस्ना, हबीबा इस्लाम।

# आईपीएल में चार टीमों के बराबर अंकों पर पहुंचने से प्लेऑफ की रेस हुई कठिन

नई दिल्ली ।इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स की राजस्थान रॉयल्स पर जीत के साथ ही चार टीमें के समान अंक हो गये हैं ।इसके बाद भी चार टीमों का बाहर होना तय है जबकि शीर्ष दो टीमों का प्लेऑफ में पहुंचना पक्का है । अंक तालिका को देखें तो अब तक एक भी टीम क्वालीफाई नहीं कर पायी है ।अभी अंक तालिका में कोलकाता नाइटराइजर्स (केकेआर) की टीम 16 अंकों पर कायम है और इतने ही अंक लेकर दूसरे नंबर पर राजस्थान रॉयल्स की टीम है। ऐसे में इन दोनों का प्लेऑफ में पहुंचना तय है ।इसके अलावा दो टीमें कौन सी होगी इसको लेकर कुछ भी अभी तय नहीं है ।शीर्ष की दो टीम को छोड़ दें तो इसके बाद की चार टीमों के एक समान अंक हैं ।चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके), सनराइजर्स हैदराबाद, दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के 12-12 अंक हैं। इसमें से दिल्ली ने सबसे ज्यादा 12 मैच खेले हैं जबकि अन्य टीमों ने एक मुकाबला कम खेला है। इस कारण अन्य टीमों के मुकाबले दिल्ली के प्लेऑफ में जाने की संभावना थोड़ी कम है। आईपीएल प्लेऑफ की रेस में अभी 6 टीमों के बीच मुकाबला है पर इसमें से करीब 4 टीमें तकरीबन बाहर हो गयी हैं ।मुंबई इंडियंस की टीम अपने बाकी बचे मैच जीतने के बाद भी 12 अंकों तक ही पहुंचेगी ऐसे में वह बाहर हो गयी है ।रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स अपने बचे सारे मैच जीतने के बाद 14 अंकों तक पहुंच सकती है पर ये भी एक तरीके से बाहर ही हैं ।

# अश्विन दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने



नई दिल्ली ।राजस्थान रॉयल्स के स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हुए लीग मुकाबले में तीन विकेट लेकने के साथ ही एक अहम उपलब्धि भी अपने नाम कर ली है।अब सैमसन दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सबसे अधिक विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन गये हैं।सैमसन ने अब तक 27 विकेट लिए हैं जबकि इससे पहले पीयूष चावला ने भी दिल्ली के खिलाफ इतने ही विकेट लिए थे।इस अहम मुकाबले में अश्विन ने 24 रन देकर 3 विकेट लिए। अश्विन ने अब तक सत्र के 10 मैचों में 5 विकेट ही लिए हैं। वहीं बल्लेबाजी के दौरान उन्होंने दिल्ली के खिलाफ सबसे अधिक 29 रन बनाए थे।वह इस सत्र में विकेट न ले पाने के कारण आलोचकों के निशाने पर भी रहे थे।

आईपीएल में दिल्ली के खिलाफ सबसे ज्यादा विकेट लेने वालों में तीसरे स्थान पर जसप्रीत बुमराह हैं।उनके नाम 26 विकेट हैं जबकि हरभजन सिंह के नाम 24 और सुनील नरेन के नाम भी इतने ही विकेट हैं। वहीं अश्विन ने अपने प्रदर्शनक को लेकर कहा कि कभी-कभी ऐसा होता है कि आप फुल टॉस गेंदबाजी करते हैं तो भी विकेट मिल जाता है। अभी मैं कुछ चीजों पर काम कर रहा हूं। यह आईपीएल सत्र काफी असाधारण रहा है। मैं विभिन्न कोणों और रिलीज पर काम कर रहा हूं।

# दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हार से निराश कोच संगकारा बोले, हमें ये मैच जीतना चाहिये था

### -बहुत सारी गलतियां करते हैं तो फिर संभलना कठिन होता है

**नई दिल्ली (एजेंसी) ।** राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच कुमार संगकारा ने दिल्ली कैपिटल्स के हाथों मिली हार पर निराशा जताते हुए कहा है कि कप्तान संजू सैमसन के आउट होने के बाद भी टीम के बाकि बल्लेबाजों को उसे लक्ष्य तक पहुंचाना चाहिये था। इस मैच में राजस्थान की टीम दिल्ली से मिले 222 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 202 रन ही बना पायी थी। सैमसन ने हालांकि 86 रनों की पारी खेली। उनके आउट होने के बाद टीम को जीत के लिए 27 गेंद पर 60 रन चाहिये थे पर वह इन्हें हासिल नहीं कर पायी। रॉयल्स की टीम अगर जीत हासिल करती तो प्ले ऑफ में पहुंच सकती थी

संगकारा ने कहा, ' सैमसन के आउट होने के बाद भी हमें शायद यह मैच जीतना चाहिए था। उन्होंने कहा, 'सत्र की शुरुआत में हमने शानदार प्रदर्शन किया था। दिल्ली के खिलाफ मैच में हमने अच्छी गेंदबाजी की। विशेष रुप से अश्विन ने प्रभावित किया पर जब आप बहुत सारी गलतियां करते हैं तो फिर संभलना कठिन हो जाता है। योजनाओं पर अमल नहीं कर पाने से हमें हार मिली।

इस मैच में सैमसन को आउट दिये जाने पर भी सवाल उठे हैं। उनका एक कैच शाई होप ने बाउंड्री पर पकड़ा था लेकिकन सैमसन का मामना था कि वह आउट नहीं हैं क्योंकि होप का पैर जमीन पर लग गया था। इस मामले में टीवी अंपायर ने उन्हें आउट दिया। इसी को लेकर संगकारा ने कहा कि कभी-कभी तीसरे अंपायर के लिए भी सही फैसला लेना कठिन होता है।

संगकारा ने कहा, 'यह रीप्ले और कोण पर निर्भर करता है और कभी-कभी आपको लगता है कि पैर छू गया है पर ऐसा ही में हो ये कहा नहीं जा सकता। तीसरे अंपायर के लिए इस पर फैसला करना कठिन था। मैच एक महत्वपूर्ण चरण में था और खेल में ऐसा होता ही रहता है। उन्होंने कहा, 'दिन के अंत में आपको अंपायरों ने जो किया उसी पर सहमत होना होगा। वहीं यदि हमारे पास इस पर किसी अन्य प्रकार की राय है तो हम इसे अंपायर के साथ साझा करेंगे और हल निकालेंगे।



# जायसवाल के पास मेरा रिकॉर्ड तोड़ने का बहुत अच्छा मौका~ब्रायन लारा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यशस्वी जायसवाल का टेस्ट करियर सिर्फ नौ मैच का है लेकिन महान बल्लेबाज ब्रायन लारा को लगता है कि अगर कोई है जो उनके रिकॉर्ड नाबाद 400 रन सहित उनकी उपलब्धियों के करीब पहुंच सकता है तो वह भारत का यह 22 वर्षीय बाएं हाथ का बल्लेबाज है। लारा ने जायसवाल की अत्यधिक प्रशंसा अचानक नहीं की। बाएं हाथ के यह दोनों बल्लेबाज एक विशेष बंधन साझा करते हैं।

उन्होंने पिछले साल आईपीएल के दौरान 'सुबह चार बजे की बातचीत% के बाद काफी समय साथ बिताया था। तब लारा सनराइजर्स हैदराबाद को कोचिंग दे रहे थे और युवा सलामी बल्लेबाज जायसवाल राजस्थान रॉयल्स के साथ थे। आईपीएल 2023 के बाद से बहुत कुछ बदल गया है और जायसवाल अब भारत की टेस्ट और टी20



टीम का अहम हिस्सा बन गए हैं। सबसे लंबे प्रारूप में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। उनका औसत 70 के करीब है और उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ हाल की घरेलू श्रृंखला में दो दोहरे शतक सहित तीन शतक जड़े हैं।

जिस चीज ने लारा को प्रभावित किया है वह मैच की स्थिति के अनुसार खेल में बदलाव करने की जायसवाल की क्षमता है। लारा ने कहा, 'अगर मुझे लगता है कि मेरे रिकॉर्ड को खतरा है तो जायसवाल के पास ऐसा करने का बहुत अच्छा मौका है। उसके पास क्षमता है, पहले ही दो दोहरे शतक लगा चुका है। वह इतना अच्छा है।'

हाल ही में 55 बरस के होने वाले लारा खेल के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्होंने टेस्ट में लगभग 12,000 रन और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में 10,000 से अधिक रन बनाए हैं। 2004 में इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद 400 रन का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर का उनका रिकॉर्ड अब भी कायम है। जब लारा से मौजूदा सत्र में राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स के बीच हुए मुकाबले के दौरान साझा किए गए हल्के-फुल्के पल के बारे में पूछा गया तो उन्होंने जायसवाल के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद किया।

# महान फुटबॉलर माराडोना की गोल्डन बॉल ट्रॉफी की नीलामी, 1986 वर्ल्ड कप में मिली थी



महान फुटबॉल खिलाड़ी डिएगो माराडोना की 1986 विश्व कप की गोल्डन बॉल ट्रॉफी फिर से सामने आ गयी है।अगुटेस हाउस ने कहा कि दशकों से गायब इस पुरस्कार की अगले महीने पेरिस में नीलामी की जाएगी।माराडोना का 2020 में 60 बरस की उम्र में निधन हो गया था।उन्हें 1986 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए इस ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।माराडोना मेक्सिको सिटी में फाइनल में पश्चिम जर्मनी पर 3-2 की जीत के दौरान अर्जेंटीना की कप्तानी की।इससे पहले उन्होंने क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड पर 2-1 की जीत में विवादास्पद 'हैंड ऑफ गॉड' गोल और 'सदी का सर्वश्रेष्ठ' गोल किया था।नीलामी घर ने कहा कि उसे उम्मीद है कि ट्रॉफी अपनी विशिष्टता के कारण लाखों यूरो में बिकेगी।टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को गोल्डन बॉल ट्रॉफी दी जाती है।हालांकि बाद में यह ट्रॉफी गायब हो गई जिसने काफी अफवाहों को जन्म दिया।अगुटेस ने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि यह एक पोकर मैच के दौरान खो गई थी या कर्ज चुकाने के लिए इसे बेच दिया गया था।अन्य लोगों का कहना है कि माराडोना जब इटैलियन लीग में खेल रहे थे तो उन्होंने इसे नेपल्स बैंक की एक तिजोरी में रखा था जिसे 1989 में स्थानीय अपराधियों ने लूट लिया था।सुधरकर मुख्यधारा से जुड़ने वाले माफिया के एक सदस्य द्वारा बताई गई कहानी के अनुसार ट्रॉफी को पिघलाकर सोना निकाल लिया गया था।

# सैमसन को अंपायर से बहस करना भारी पड़ा, मैच फीस का तीस फीसदी जुर्माना लगा

नई दिल्ली।राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर आचार संहित उल्लंघन के मामले में जुर्माना लगा है। सैमसन पर ये जुर्माना दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में अंपायर से बहस करने के कारण लगा है।उनपर मैच फीस का 30 फीसदी जुर्माना लगाया गया है। वहीं आईपीएल प्रबंधन ने एक बयान में कहा,



सैमसन ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 के तहत लेवल 1 का अपराध किया है।उन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी की मंजूरी मान ली है।आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का फैसला ही अंतिम और बाध्यकारी माना जाता है।सैमसन को इस मैच में बाउंड्री पर कैच आउट दिया गया था जबकि उनका मानना था कि गेंद बाउंड्री पर लग गयी है। इसलिए इसमें आउट नहीं दिया जा सकता।फैसले से नाराज सैमसन अंपायर से बहस करने लगे थे।सैमसन ने मैच में 46 गेंदों में 86 रन की पारी खेली पर वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाये।इस मैच में 20 रन की हार के बाद सैमसन ने माना कि रॉयल्स ने 10 रन अतिरिक्त दिए जो हमें भारी पड़े।

# तीन साल में पहली बार घरेलू प्रतियोगिता में भाग लेंगे नीरज चोपड़ा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने 12 से 15 मई तक भुवनेश्वर में होने वाले राष्ट्रीय फेडरेशन कप में भाग लेने की पुष्टि कर दी है और इस तरह से यह पिछले तीन साल में पहला अवसर होगा जबकि यह स्टार एथलीट घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेगा। इस 26 वर्षीय स्टार खिलाड़ी के 10 मई को प्रतिष्ठित डायमंड लीग सीरीज के दोहा में होने वाले पहले चरण में अपने सत्र की शुरुआत करने के बाद भारत आने की संभावना है।

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने ट्वीट किया, 'प्रविष्टियों के अनुसार नीरज चोपड़ा और किशोर कुमार जेना भुवनेश्वर में 12 मई से शुरू होने वाली घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।% चोपड़ा के कोच क्लाउस बार्टोनिट्ज ने भी पुष्टि की कि यह स्टार एथलीट भुवनेश्वर में होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेगा। हांगझोउ एशियाई खेलों में चोपड़ा के बाद दूसरे स्थान पर रहकर रजत पदक जीतने वाले 28 वर्षीय किशोर जेना भी 10 मई को दोहा डायमंड लीग में भाग लेंगे।

चोपड़ा ने इससे पहले आखिरी बार घरेलू प्रतियोगिता में 17 मार्च 2021 को भाग लिया था और तब उन्होंने 87.80 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद चोपड़ा ने तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता था। वह 2022 में डायमंड लीग और 2023 में विश्व चैंपियन बने। उन्होंने चीन में एशियाई खेलों में अपने खिताब का भी बचाव किया था। चोपड़ा ने इस बीच डायमंड लीग के तीन व्यक्तिगत चरण भी जीते और 2022 में विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक हासिल किया। यह भारतीय खिलाड़ी हालांकि अभी तक 90 मीटर की दूरी को छूने में नाकाम रहा है। उनका सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन 89.94 मीटर है जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है।

# राहुल गांधी के बयान पर.....सीतारमण ''उल्टा चोर कोतवाल को डांटे''

### मनमोहन सरकार में पीएसयू को नुकसान उठाना पड़ा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि मनमोहन सरकार के दौरान सार्वजनिक उपक्रमों (पीएसयू) को नुकसान उठाना पड़ा था। उन्होंने कहा कि पहले उपेक्षित रहे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) जैसे उपक्रमों का मोदी सरकार के दौरान ''पुनरुत्थान'' हुआ। कांग्रेस पार्टी और उसके नेता राहुल गांधी के सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के परेशानी झेलने के आरोपों का खंडन करते हुए सीतारमण ने कहा कि यह ''उल्टा चोर कोतवाल को डांटे'' जैसा है। वित्त मंत्री ने लिखा, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) फल-फूल रहे हैं, तथा उन्हें बढ़ी हुई परिचालन स्वतंत्रता के साथ-साथ उनमें पेशेवर संस्कृति का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि मनमोहन सरकार के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को नुकसान उठाना पड़ा। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम जो पहले यूपीए सरकार के दौरान उपेक्षित थे, मोदी सरकार के दौरान फिर से खड़े हुए। सीतारमण ने कहा कि राहुल गांधी ने कहा कि पीएसयू को खत्म किया जा रहा है और वर्तमान सरकार के अधीन वे परेशान हैं, लेकिन वास्तव में यह ''उल्टा चोर कोतवाल को डांटे'' जैसा है क्योंकि तथ्य कुछ और बयां करते हैं। वित्त मंत्री ने राहुल गांधी पर एचएएल पर ''दुर्भावनापूर्ण'' हमला करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके दावों के विपरीत, एचएएल का बाजार मूल्यांकन चार वर्षों में 1,370 प्रतिशत बढ़ गया है, जो 2020 में 17,398 करोड़ रुपये से बढ़कर सात मई 2024 तक 2.5 लाख करोड़ रुपये हो गया था। एचएएल ने 31 मार्च 2024 को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 29,810 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व दर्ज करने की घोषणा की थी। यह उसका अभी तक का सर्वाधिक राजस्व है। उसके पास 94,000 करोड़ रुपये से अधिक का मजबूत ऑर्डर बुक भी है।

# रूसी तेल पर छूट घटी तो कंपनियों का सकल रिफाइनिंग मार्जिन कम हुआ

### -दो साल पहले तक भारत सबसे ज्यादा कच्चा तेल इराक से खरीदता था



**मास्को।** रूस ने कच्चे तेल के दाम पर छूट कम कर दी है और इराक भारत पहुंचने वाले तेल में अपनी पैठ दोबारा बनाने कम कीमत पर कच्चा तेल दे रहा है। इस कारण देसी रिफाइनरियां इराक से ज्यादा तेल मंगा रही हैं। उद्योग से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि रूस से कच्चे तेल का आयात महंगा होने के कारण वित्त वर्ष 2023-24 की आखिरी तिमाही में तेल कंपनियों का सकल रिफाइनिंग मार्जिन कम हुआ है।

सीमा शुल्क के आंकड़ों के आधार पर गणना बताती है कि 2023-24 में रूस का तेल इराक के कच्चे तेल से करीब 3 डॉलर प्रति बैरल सस्ता था, जबकि उससे पिछले वित्त वर्ष में यह 7 डॉलर प्रति बैरल सस्ता पड़ रहा था। दो साल पहले तक भारत सबसे ज्यादा कच्चा तेल इराक से ही खरीदता था मगर रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद लगे प्रतिबंधों के कारण रूस को अपना तेल चीन और भारत को बहुत कम दाम पर बेचने के लिए मजबूर होना पड़ा था। भारत ने मौके का पूरा फायदा उठाया और रूस से ज्यादा तादाद में तेल खरीदा। इस कारण रूस पिछले वित्त वर्ष में भारत को सबसे ज्यादा तेल बेचने वाला देश बन गया। वित्त वर्ष 2024 में रूस से औसतन 76.4 डॉलर प्रति बैरल पर कच्चे तेल का आयात किया, जबकि इराक से तेल आयात की लागत 79 डॉलर प्रति बैरल थी। वित्त वर्ष 2023 में इराक के तेल का औसत भाव 90.6 डॉलर प्रति बैरल था जबकि रूस से तेल 83.2 डॉलर प्रति बैरल पड़ा था। पिछले वित्त वर्ष में वेनेजुएला के कच्चे तेल का भाव सबसे कम 64 डॉलर प्रति बैरल था। मगर गुणवत्ता खराब होने, भारी होने और गंधक ज्यादा होने के कारण रिलायंस इंडस्ट्रीज के जामनगर संयंत्र जैसी उन्नत रिफाइनरियों में ही प्रोसेस किया जा सकता है।

इराक से कच्चे तेल के दाम 2024 में घट गए। मार्च में इराकी बेंचमार्क बसरा ऑयल रूस के कच्चे तेल से 2 डॉलर प्रति बैरल सस्ता था। सीमाशुल्क विभाग के आंकड़े बताते हैं कि मार्च में इराकी तेल की औसत कीमत 78.6 डॉलर प्रति बैरल और रूसी तेल की कीमत 80.6 डॉलर प्रति बैरल थी। मुंबई के एक रिफाइनर ने कहा कि भारतीय रिफाइनरियां हेवी ग्रेड वाला बसरा क्रूड खरीद रही हैं, जिस पर छूट मिल रही है। उद्योग सूत्रों ने कहा कि वित्त वर्ष 2024 में रूसी तेल पर छूट आधी रह जाने से उसके और इराक के तेल के भाव का अंतर भी कम हो गया। रूस के तेल पर भारत को मिलने वाली छूट वित्त वर्ष 2023 की चौथी तिमाही में करीब 77 फीसदी घट गई।

सार्वजनिक क्षेत्र की एक रिफाइनरी के एक अधिकारी ने बताया कि वित्त वर्ष 2023 में प्रति बैरल 10.5 डॉलर की छूट मिल रही थी जो पिछले वित्त वर्ष में घटकर 5.8 डॉलर प्रति बैरल रह गई। उद्योग के एक अधिकारी ने कहा कि रूस पर नए अमेरिकी प्रतिबंधों का रूस के करीब 10 फीसदी जहाजों पर असर पड़ा है। मुंबई की एक रिफाइनरी के अधिकारी ने कहा कि भारतीय रिफाइनरियों के करार के मुताबिक रूस को खरीदा तेल यहां तक पहुंचाना पड़ता है और माल भाड़े या बीमा में कोई भी इजाफा छूट में से काट दिया जाता है। रूस से कच्चे तेल पर मिल रही छूट कम हो रही और भाव 85 डॉलर प्रति बैरल रहा तो वित्त वर्ष 2025 में देश का शुद्ध तेल आयात बिल बढ़कर 101 अरब से 104 अरब डॉलर तक हो सकता है, जो वित्त वर्ष 2024 में 96.1 अरब डॉलर ही था।' उद्योग के अधिकारियों ने कहा कि तेल के दाम में उतार-चढ़ाव जारी है।

# 2023 में विनिर्माण, निर्माण और खनन क्षेत्रों में निवेश को हुआ घटा

**मुंबई।** वित्त वर्ष 23 में विनिर्माण, निर्माण और खनन क्षेत्रों में निवेश घटा है। सकल पूंजी निर्माण (जीसीएफ) में दिखाए जाने वाले निवेश में गिरावट का कारण निर्यात में प्राथमिक तौर पर गिरावट और कम निजी खपत है। यह जानकारी सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी, 2024 के उद्योग-वार विश्लेषण में दी।

इस समय वित्त वर्ष 2023 में सकल जीसीएफ स्थिर मूल्य पर 6.9 प्रतिशत बढ़कर 55.3 लाख करोड़ रुपए हो गया है। जीसीएफ अर्थव्यवस्था में निवेश का व्यापक माप है और यह अचल संपत्तियां, इंवेंटरी और कीमती सामानों समेत भौतिक परिसंपत्तियों के मूल्य का प्रतिनिधित्व करता है। दूसरी तरफ सकल तय पूंजी निर्माण (जीएफसीएफ) अर्थव्यवस्था में निवेश का संकुचित रूप से प्रतिनिधित्व करता है। इसका कारण यह है कि इसमें मूल्यवान इंवेंटरी या अधिग्रहण को शामिल नहीं किया जाता। जीएफसी विनिर्माण 5.4 प्रतिशत संकुचित



होकर 9.4 लाख करोड़ रुपए हो गया। अर्थशास्त्रियों के अनुसार कम विनिर्माण वृद्धि का कारण क्षमता का कम उपयोग और कंपनियों के निवेश में कम पहल करना है। इसके अलावा निर्माण क्षेत्र पर सरकार के अधिक पूंजीगत व्यय किए जाने के कारण इस क्षेत्र में पूंजी निर्माण में गिरावट आई है। इस क्षेत्र में पूंजी निर्माण वित्त वर्ष 2023 में 2.9 प्रतिशत घटकर 4.02 लाख करोड़ रुपए हो गया जबकि यह 2022 में 4.14 लाख करोड़ था। इसमें गिरावट का प्रमुख कारण सस्ते आवास क्षेत्र में गिरावट आना है।

# सोने और चांदी की कीमतें बढ़ीं

**नई दिल्ली।** घरेलू बाजार में बुधवार को सोने और चांदी की कीमतें बढ़ी हैं। दोनों के वायदा भाव आज बढ़त के साथ खुले। आज सुबह सोने के वायदा भाव 71,200 रुपये के करीब जबकि चांदी के वायदा भाव 82,950 रुपये के करीब रहे। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी की वायदा कीमतों में कमी आई। इस दौरान मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून अनुबंध 15 रुपये की तेजी के साथ 71,163 रुपये के भाव पर खुला। वहीं एक समय यह अनुबंध 26 रुपये की तेजी के साथ ही 71,174 रुपये के भाव पर बना हुआ था। इसके बाद ये 71,189 रुपये के भाव पर दिन के उच्च और 71,163 रुपये के भाव पर निचले स्तर पर पहुंचा। सोने के वायदा भाव पिछले माह 73,958 रुपये के शीर्ष स्तर पर पहुंचे। इसके अलावा चांदी के वायदा भाव की आज सपाट शुरुआत हुई। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई अनुबंध आज 82,878 रुपये पर खुला। एक समय यह अनुबंध 72 रुपये की तेजी के साथ ही 82,950 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय ये 82,989 रुपये के भाव पर दिन के उच्च और 82,870 रुपये के भाव पर निचले स्तर पर पहुंचा। गत माह चांदी का वायदा भाव 86,126 रुपये किलो के उच्चतम स्तर पर पहुंचा था। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने



चांदी के वायदा भाव की शुरुआत आज कमजोर रही। कामेक्स पर सोना 2,323 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। इसका गत दिवस बंद भाव 2,324.20 डॉलर था। वहीं इसी प्रकार चांदी के वायदा भाव 27.47 डॉलर के भाव पर खुले। इसका पिछला बंद भाव 27.54 डॉलर था।

## कावासाकी ला रही केएलएक्स 230 एस डयूअल स्पोर्ट बाइक

**नई दिल्ली।** बेहतरीन बाइक बनाने वाली कंपनी कावासाकी बहुत जल्द अपनी केएलएक्स 230 एस डयूअल स्पोर्ट बाइक लेकर आ रही है। कंपनी इस बाइक का स्थानीयकरण करेगी और इसे भारतीय परिवहन नियमों के अनुसार तैयार कर बेचेगी। हाल ही में ये बाइक टेस्टिंग के दौरान स्पॉट भी की गई है, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। कावासाकी केएलके 230 एस डयूअल स्पोर्ट्स बाइक इस साल के अंत तक या 2025 की शुरुआत में लॉन्च किया जा सकता है और कीमत 4 लाख रुपये एक्स-शोरूम के आस-पास होगी। यह बाइक हीरो एक्सप्लस 200 4 वी को टक्कर देगी।अपकमिंग कावासाकी बाइक में 233सीसी, एयर-कूल्ड, सिंगल-सिलेंडर इंजन दिया जा सकता है, जो 19बीएचपी की पावर और 20.6 एनएम का टॉर्क पैदा करेगा। वहीं ब्रेकिंग के लिए एबीएस के साथ आगे-पीछे डिस्क ब्रेक और 21-18 इंच के स्पोक व्हील मिलेंगे। यह 131 किलोग्राम वजन के साथ कॉम्पैक्ट और हल्की होगी।




## फॉक्सवैगन ने किया समर कार केयर कैंप का ऐलान

**मुंबई।** फॉक्सवैगन ने भारत में समर कार केयर कैंप का ऐलान किया है, जो मई महीने कंपनी के 142 सर्विस सेंटर पर आयोजित किया जाएगा। कैंप के तहत ग्राहक प्रशिक्षित पेशेवरों द्वारा किए गए कॉम्प्लिमेंटरी 40-पॉइंट वाहन चेकिंग का लाभ उठा सकते हैं। गर्मी के मौसम में ड्राइविंग के दौरान गाड़ियों में आने वाली समस्याओं का पता लगाया जा सकेगा। कंपनी ने अपनी वेबसाइट पर नई क्विक सीजनल कार केयर गाइडलाइन भी जारी की है। कंपनी वैल्यू ऐडेड सर्विसेज के तौर पर समर कार केयर कैंप में आकर्षक फायदे भी दे रही है, जिससे स्वामित्व अधिक किफायती और सुविधाजनक हो गया है। कंपनी ने विस्तारित वारंटी पैकेज की कीमतों में भी बदलाव किया है, जो 1 मई से लागू हैं। इसके अलावा कई आकर्षक सर्विस और कार देखभाल पैकेजों के साथ सर्विस कैम, असिस्टेंस के माध्यम से डोरस्टेप सर्विस और मोबाइल सर्विस यूनिट जैसी सुविधाओं की पेशकश करती है।

## महिंद्रा एक्सयूवी 400 के नए वेरिएंट लांच करेगी कंपनी

**मुंबई।** महिंद्रा एक्सयूवी 400 को जल्द ही नए वेरिएंट में लांच कर सकती है। सूत्रों के अनुसार इस आठ वेरिएंट्स में पेश किया जाएगा। वर्तमान में बड़े बैटरी पैक के साथ ईसी प्रो, ईएल प्रो में पेश किया गया है। इसके अलावा कंपनी एक्सयूवी 3 एक्सओके लिए एक नया ईवी पावरट्रेन पेश करने वाली है। महिंद्रा एक्सयूवी 400 वर्तमान में 15.49 लाख रुपये से 17.49 लाख रुपये की कीमत पर अवेलेबल है। इसके विपरीत, महिंद्रा ने कहा था कि 31 मई, 2024 के बाद एक्सयूवी 400 की कीमत में मामूली बढ़ोतरी होगी।

## मारुति सुजुकी इस हफ्ते न्यू जेनरेशन मॉडल की नई स्विफ्ट करेगी लॉन्च

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी अपनी टॉप सेलिंग हैचबैक स्विफ्ट के न्यू जेनरेशन मॉडल को लॉन्च करने जा रही है। लॉन्च से पहले 2024 मॉडल स्विफ्ट की जानकारियां सामने आ गई हैं। यह हैचबैक अपनी फोर्थ जेनरेशन अवतार में काफी खास लुक-डिजाइन और फीचर्स के साथ आ रही है। इसके साथ ही इंजन-पावर और माइलेज में भी नई स्विफ्ट अपने पुराने मॉडल के मुकाबले अलग ही है। 2024 मारुति सुजुकी स्विफ्ट एलएक्सआई, वीएक्सआई, वीएक्सआई (ओ), जेडएक्सआई और जेडएक्सआई+ जैसे 5 ट्रिम लेवल के 10 से ज्यादा वेरिएंट में लॉन्च हो सकते हैं, जिनमें सीएनजी भी लगे होंगे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो नई स्विफ्ट में नोवेल ऑरेंज और लस्टर ब्लू जैसे कलर मिलेंगे। बाद में इसमें मौजूदा मॉडल वाले सिंगल टोन और डुअल टोन कलर ऑप्शन तो होंगे। नई मारुति सुजुकी स्विफ्ट का लुक और डिजाइन काफी जबरदस्त होगा। इस हैचबैक के न्यू जेनरेशन मॉडल में नई फ्रंट हेडलाइट, नए डीआरएल और फॉगलैंप, रिडिजाइन्ड बंपर, बेहतर डिजाइन वाली अलॉय व्हील, रियर में नया टेललैंप समेत बाहरी खूबियां भी दिखने लायक होंगी। कंपनी नई स्विफ्ट को स्पोर्टी लुक और डिजाइन के साथ पेश करेगी। बीते 19 साल से भारतीय बाजार में जलवा बिखेरने वाली स्विफ्ट अब नए अवतार में बदली-बदली नजर आएगी। न्यू जेनरेशन मारुति सुजुकी के एक्सटीरियर की तरह ही इंटीरियर में बदलाव किया है। वैसे इंटीरियर और फीचर्स के बारे में पुख्ता डिटेल तो 9 मई को पता चल सकेगी, लेकिन खबर है कि 2024 स्विफ्ट का इंटीरियर कंपनी की क्रॉसओवर फ्रॉन्क्स से इंस्पायर्ड होगा। बेहतरीन इंटीरियर से लैस इस हैचबैक के फीचर्स भी कमाल के होंगे। इसमें 9 इंच का स्मार्ट प्ले प्रो प्लस टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम, वायरलेस स्मार्टफोन कनेक्टिविटी, वायरलेस चार्जर, रियर में भी एसी वेंट, सुजुकी की कनेक्टेड कार टेक्नॉलजी, कई तरह के यूएसबी चार्जिंग पोर्ट्स जैसे स्टैंडर्ड फीचर्स के साथ 6 एयरबैग समेत काफी सारे सेफ्टी फीचर्स इसमें शामिल किए गए हैं। नई मारुति सुजुकी स्विफ्ट में ऑल न्यू 1.0 लीटर 3 सिलिंडर जी-सीरीज पेट्रोल इंजन लगा है, जो कि माइल्ड हाइब्रिड टेक्नॉलजी से लैस होगा और यह करंट मॉडल में मौजूद 4 सिलिंडर के-सीरीज इंजन को रिप्लेस करेगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नई स्विफ्ट का नया इंजन 81.6 पीएस की मैक्सिमम पावर और 112 न्यूटन मीटर का पिक टॉर्क जेनरेट करने में सक्षम होगा।

## आरईसी 6 हजार करोड़ जुटाने करेगा दो अलग-अलग बॉन्ड जारी

**मुंबई।**

रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड (आरईसी) परिपक्वता अवधि वाले दो बॉन्डों के माध्यम से 6 हजार करोड़ रुपए तक जुटाने की योजना बना रही है। पहले बॉन्ड में कंपनी की योजना 3,500 करोड़ रुपए जुटाना है, जिसमें 2,500 करोड़ रुपए तक के अतिरिक्त आवेदन को मंजूर करने विकल्प शामिल है और यह दस साल 17 दिन बाद 31 मई 2034 को परिपक्व होगा। उसकी योजना 6.90 फीसदी वाले 31 मार्च, 2031 के बॉन्ड को दोबारा जारी कर अतिरिक्त 3,500 करोड़ रुपए जुटाने की है। कंपनी ने इसके लिए आगामी शुक्रवार को बोलियां आमंत्रित की हैं। एनसीडी को इक्रा व क्रिसिल ने स्थिर परिदृश्य के साथ सबसे ऊंची क्रेडिट रेटिंग एएए दी गई है। कंपनी ने भुगतान करने की तारीख 14 मई तय की है जब निवेशकों को बॉन्ड के बदले इश्यू करने वाले को पैसा देना होगा। गोपीनाथन, अभिलाषा एनएसई के निदेशक नैशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने टीसीएस के पूर्व एमडी व सीईओ राजेश गोपीनाथन और न्यायमूर्ति अभिलाषा कुमारी को अपने निदेशक मंडल में जनहित निदेशक (पीआईडी) के तौर पर शामिल किया है। अभिलाषा कुमारी मणिपुर हाईकोर्ट की अवकाशप्राप्त चीफ जस्टिस हैं। दोनों नियुक्तियां तीन साल के लिए की है। बाजार नियामक ने अप्रैल के आखिर में इन नियुक्तियों को मंजूरी दी थी। इन नियुक्तियों के बाद एक्सचेंज के बोर्ड में छह सदस्य हो गए हैं, जिनमें चार पीआईडी और एक गैर-स्वतंत्र निदेशक शामिल हैं।

# शेयर बाजार में मिलाजुला कारोबार

### सेंसेक्स में गिरावट , निफ्टी सपाट बंद

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को मिश्रित कारोबार हुआ। बीएसई सेंसेक्स में हल्की गिरावट रही। वहीं एनएसई निफ्टी में सपाट कारोबार हुआ। सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के बीच ही निवेशकों ने भी सावधानी बरती। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 45.46 अंक करीब 0.06 फीसदी की गिरावट के साथ 73,466.39 अंक पर बंद हुआ। वहीं, दूसरी तरफ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (के निफ्टी में कोई भी बदलाव नहीं आया। निफ्टी दिन के अंत में 22,302.50 अंक पर बंद हुआ। वहीं गत दिवस मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया था। निवेशकों ने विभिन्न सेक्टरों में शेयर बेचे। बीएसई सेंसेक्स इंट्राडे में 611 अंक ऊपर आने के बाद 45 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ। वहीं व्यापक बाजारों में, बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों ने अच्छा प्रदर्शन किया, क्योंकि वे क्रमशः 0.78 फीसदी और 0.5 फीसदी ऊपर आये।

शेयरों का मूल्यांकन ऊंचा होने को लेकर चिंता के बीच एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईसीआईसीआई बैंक में बिकवाली से भी बाजार टूटा था। वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार गिरावट के साथ खुला। आज सुबह तीस शेयरों पर अधारित बीएसई सेंसेक्स 0.47 फीसदी करीब 347 अंक नीचे आकर 73,164.16 पर खुला। वहीं पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 50 0.47 अंक तकरीबन 104 अंक नीचे आकर 22,198.10 के स्तर पर खुला। कारोबार के दौरान बीएसई पर मारुति सुजुकी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एलएंडटी और एशियन पेंट्स के शेयरों में सबसे अधिक तेजी रही। इसी प्रकार एनएसई में मारुति सुजुकी, कोल इंडिया के शेयर लाभ में रहे जबकि डॉ. रेड्डी, ग्रासिम के शेयर सबसे अधिक गिरे।



वहीं व्यापक बाजारों में निफ्टी मिडकैप और स्मॉलकैप 0.33 फीसदी और 0.21 फीसदी नीचे आये। आज निफ्टी रियल्टी में सबसे ज्यादा 1.38 फीसदी की गिरावट रही। इसके बाद कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 1.19 फीसदी की गिरावट और फार्मा में 0.69 फीसदी की गिरावट रही। इसके अलावा पीएसयू बैंक के शेयर 0.84 फीसदी ऊपर आये। आज सुबह गिफ्ट निफ्टी 22,400 के नीचे आया। इसके अलावा एशिया-प्रशांत शेयर बाजारों में मिला-जुला कारोबार हुआ। जापान के निक्केई 225 में 1 फीसदी की गिरावट रही जबकि व्यापक इंडेक्स 0.88 फीसदी तक गिरा। दक्षिण कोरिया के कोस्पी में हल्की गिरावट दर्ज की गई जबकि ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 0.08 फीसदी बढ़ा। दूसरी ओर वॉल स्ट्रीट पर अमेरिकी शेयरों में मिला-जुला कारोबार दर्ज किया गया। इसमें डॉव जोन्स और एसएंडपी 500 में 0.08 फीसदी और 0.13 फीसदी की हल्की बढ़त आई। इसके अलावा नैस्डैक 0.10 फीसदी नीचे आकर बंद हुआ।

# 50 वर्षों में सबसे कम बचत वर्ष 2023- 24 में

### 10 साल में 336 फ़ीसदी बढा कर्ज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सांख्यिकी मंत्रालय की डाटा रिपोर्ट सामने आई है। जिससे जानकारी मिलती है,पिछले 50 साल में सबसे कम बचत वर्ष 2023-24 में हुई है। पिछले 50 वर्षों के बचत का रिकॉर्ड टूट गया है। वर्ष 2023-24 में बचत 5.3 फ़ीसदी रह गई है। जबकि पिछले 50 वर्षों में 7 से 8 फीसदी के बीच में न्यूनतम बचत रहती थी।

**बड़ी तेजी के साथ बढ़ रहा है कर्ज**

देश में बैंकों से लिया गया, घरेलू कर्ज भी बड़ी तेजी के साथ बढ़ रहा है। पिछले साल की तुलना में यह 54 फ़ीसदी बढ़ गया है। क्रेडिट कार्ड और होम लोन के माध्यम से सबसे ज्यादा कर्ज लिया गया है। पिछले 10 साल में कर्ज 336 फ़ीसदी बढा है। 2014-15 में 2.58 लाख करोड़ का कर्ज था। जो 2022-23 में बढ़कर 11.88 लाख करोड़ हो गया है। गैर बैंकिंग कर्ज पिछले दो वर्षों में तीन गुना ज्यादा बढ़ गया है। काम बचत और ज्यादा कर्ज से बैंकों को नगदी का संकट झेलना पड़ रहा है। घरेलू कर्ज एनबीएफसी और अन्य वित्तीय संस्थानों से महंगी ब्याज दर पर लिया गया है। 2022-23 में यह एक लाख करोड रुपए से अधिक का हो गया है।



**ग्रामीण क्षेत्रों में ब्रांडेड सामान की बिक्री बढ़ी,शहरों में घटी**

पिछले 15 महीनो में ग्रामीण अंचलों और शहरी अंचलों की मांग में भी भारी परिवर्तन देखने को मिला है। पैकेट में बिकने वाले ब्रांडेड गुड्स की मांग शहरों में घटी है। गांवों में बड़ी तेजी के साथ मांग बढी है। शहरी क्षेत्र में 5.5 फीसदी की मांग घट गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में 7.6 फ़ीसदी की दर से मांग बढ़ी है। जिसके कारण एफएमसीजी कंपनियां ग्रामीण क्षेत्र की ओर विशेष ध्यान दे रही हैं। ग्रामीण अंचलों से साबुन, तेल, पर्सनल केयर और खाने-पीने की वस्तुओं की मांग बढ़ी है। शहरों में मांग घटने और ग्रामीण क्षेत्रों में मांग का बढ़ना यह प्रमाणित करता है, शहरी क्षेत्र की तुलना में अब ग्रामीण अंचलों में खर्च करने के लिए पैसा है। जिसके कारण भौतिक आवश्यकताओं की मांग ग्रामीण अंचलों में बढ़ रही है।

## मई में खरीद ले हुंडई ये गाड़ियां मिल रहा बंपर डिस्काउंट



**मुंबई।** हुंडई अपनी गाड़ियों पर बंपर डिस्काउंट दे रही है। डिस्काउंट का फायदा नकद छूट, एक्सचेंज बोनस और कॉर्पोरेट छूट के रूप में उठाया जा सकता है। ये डिस्काउंट वेरान,क्रेटा, और टायसून के अलावा आई 20, ग्रैंड आई10 नियोस और वेन्यू और एक्सटर कॉम्पैक्ट एसयूवी पर दिया जा रहा है। हुंडई वेन्यू कॉम्पैक्ट एसयूवी पर 35,000 रुपये का डिस्काउंट दिया जा रहा है। इसमें 25,000 रुपये तक की नकद छूट और अधिकतम 10,000 रुपये का एक्सचेंज बोनस शामिल है। ग्रैंड आई10 नियोस पर कुल 48,000 रुपये तक का डिस्काउंट दिया जा रहा है। पिछले महीने की तुलना में 5,000 रुपये की वृद्धि है, और इसमें 3,000 रुपये की कॉर्पोरेट डिस्काउंट भी शामिल किया गया है। आई 20 पर लगभग 25,000 रुपये का डिस्काउंट दिया जा रहा है। मध्य, उत्तर और पश्चिम भारत में 45,000 रुपये की छूट मिलेगी, जबकि पूर्व और दक्षिण भारत में 35,000 रुपये तक की छूट मिलेगी।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in